नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 276 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 (4+4)

धरमजयगढ़, रविवार 14 अगस्त 2022

पेज -3 पर

फसल बीमा की राशि मिलने पर किसानों ने किया किसान नेता ..

आजादी का अमृत महोत्सव घर घर तिरंगा अभियान में भाजपा कार्यकर्ता पहुंच ....

पेज -4 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव की संभावना नहीं

प्रदेश प्रभारी पुनिया ने किया इनकार, कहा -भाजपा में चार अध्यक्ष बदल गए, हमारे यहां संभावना नहीं

रायपुर। कांग्रेस नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव की किसी संभावना से फिलहाल इनकार कर दिया है। रायपुर पहुंचे AICC के प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया ने शनिवार को कहा, उनके यहां बदलाव की कोई संभावना नहीं है।

उनका संगठन एकजुट है। पुनिया ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, उनके यहां तो चार साल में चार अध्यक्ष बदल गए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद से आदिवासी समाज के नेता विष्णुदेव साय को हटाकर पिछड़ा वर्ग के अरुण साव को लाने के बाद राजनीतिक हलकों में यह चर्चा गर्म थी कि कांग्रेस भी प्रदेश अध्यक्ष बदल सकती है। कहा यह जा रहा था कि ओबीसी केंद्रित राजनीति में साहू वोट का ध्रुवीकरण रोकने के लिए कांग्रेस भी साहू समाज से किसी नेता को नेतृत्व सौंप सकती है। लेकिन शनिवार शाम रायपुर पहुंचे प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया ने फिलहाल के लिए इन अटकलों पर विराम लगा दिया है।

पुनिया ने कहा, भाजपा में अंतरकलह अभी कितना और बढ़ेगा। वहां केवल अध्यक्ष बदलने से काम नहीं चलेगा, जब तक संगठन उनका साथ ना दे। चार साल में चार अध्यक्ष अगर बदलेंगे तो वहां क्या स्थिति होगी इसका अंदाज आप लगा सकते हैं। उन्होंने कहा, ये लोग जब-जब हारे हैं तब-तब अपना प्रदेश अध्यक्ष बदलें हैं। यहां कांग्रेस में पूरा 200त्न तालमेल है। तालमेल से काम की वजह से ही जितने भी उपचुनाव हम जीते, पंचायतों के चुनाव हम जीते, नगरीय निकायों के चुनाव हम जीते। पुनिया ने कहा, वे बदलते रहें। कांग्रेस में ऐसा नहीं है। ना ही आगे संभावना है।

गौरव यात्राओं में शामिल होंगे

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया ने तीन दिन के प्रवास पर रायपुर पहुंचे हैं। वे रविवार को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चल रही आजादी की गौरव यात्रा में शामिल होंगे। इसके अलावा 15 अगस्त को रायपुर के गांधी मैदान में आयोजित यात्रा की समापन सभा में भी भाग लेने वाले हैं। कांग्रेस ने 9 अगस्त से 14 अगस्त तक के लिए आजादी की गौरव यात्रा नाम से 75 किमी की पदयात्रा शुरू किया है।

बैठकों का दौर भी चलेगा

पुनिया इन दो दिनों में कांग्रेस की विभिन्न समितियों, मोर्चा-प्रकोष्ठों और पदाधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। बताया जा रहा है कि भाजपा में नए क्षेत्रीय संगठन मंत्री के आने और प्रदेश अध्यक्ष को बदले जाने के बाद राजनीतिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना बढ़ी हुई है। ऐसे में कांग्रेस भी अपने सभी मोर्चों को सक्रिय और आक्रामक रखने की कोशिश में जुटी है ताकि भाजपा उनसे बढ़त न ले पाए।

गौतम मण्डावी को मिला मैक्सी ट्रक, महेश्वरी नेताम एवं सुमन मण्डावी होंगी खुद की दुकान की मालिक

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर जिले के चारामा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित सामाजिक समरसता सम्मेलन में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से संचालित योजना के तहत् कांकेर जिला के युवा गौतम मण्डावी को पिकअप मैक्सी ट्रक तथा दो महिलाओं श्रीमती महेश्वरी नेताम एवं कुमारी सुमन मण्डावी को स्व-रोजगार स्थापना के लिए दो-दो लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया।

स्व-रोजगार स्थापना के लिए गुड्स कैरियर योजना के तहत नरहरपुर तहसील के ग्राम मुंजालकोंदी पोस्ट जुनवानी निवासी गौतम मण्डावी को पिकअप मेक्सी ट्रक मिला है, वाहन मिलने पर बेहद खुश होते हुए उन्होंने कहा कि अब मुझे रोजगार के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, अपना मेक्सी ट्रक चलाकर खुद को सक्षम बनाऊंगा। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम की सहयोग से संचालित आदिवासी महिला सशक्तीकरण योजना के तहत् महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम तुड़गे निवासी श्रीमती महेश्वरी नेताम को फैन्सी एवं जनरल स्टोर्स के लिए 02 लाख रूपये तथा दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम बरहेली पोस्ट दमकसा निवासी कुमारी सुमन मंडावी को कपड़ा दुकान सह बुटिक के लिए 02 लाख रूपये का चेक प्रदाय किया गया। इस पर उन्होंने खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

एक नजर

नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को हुई आजीवन कारावास की सजा

दंतेवाड़ा । मजदूरी के बहाने नाबालिग लड़की को दिल्ली ले जाने और फिर उससे छेड़छाड़ करने वाले आरोपी संतोष कुड़ियम को अपर सत्र न्यायाधीश शैलेष शर्मा की विशेष अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायालय एफटीसी द्वारा इस प्रकरण में धारा 363 के आरोप में 07 साल का सश्रम कारावास व 05 हजार रुपए अर्थदंड व धारा 370 (4) के आरोप में आजीवन कारावास एवं 05 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी संतोष कुड़ियम नाबालिग लड़की को 12 हजार रूपये का प्रलोभन देकर काम देने के लिए दिल्ली ले गया था, वहां पीड़िता ने काम नहीं किया तो उसे रायपुर लेकर आया और यहां के एक होटल में ले जाकर उससे छेड़-छाड़ किया।

करंट लगने से मां-बच्चे सहित तीन की मौत

बलौदाबाजार । बलौदाबाजार जिले के सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम दामाखेड़ा में छत पर कपड़े सुखाते वक्त करंट की चपेट में आने से मां-बच्चे समेत तीन की मौत हो गई। मिली जानकारीक के अनुसार घटना शनिवार शाम की है। ग्राम दामाखेड़ा में रहने वाली कमलेश्वरी पति बल्लू देवांगन (26 वर्ष)शाम को छत पर कपड़ा सूखाने गई थी इसी दौरान कपड़ा सूखाने के लिए बांधे गए तार में करंट आ गया और वह उसकी चपेट में आ गई। महिला के बच्चों ने जब मां को चिपके हुए देखा तो उन्होंने बचाने की नीयत से अपनी मां को हाथ लगाया और वे दोनों भी करंट की चपेट में आ गए। इस हादसें में महिला कमलेश्वरी सहित दोनों बच्चे शेष कुमार (14) वर्ष तथा कुमारी जया देवांगन (12) वर्ष की मौत हो गई।

कैबिनेट मंत्री हमर तिरंगा रैली में शामिल होकर लोगों का उत्साह किया दोगुना

आजादी के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

रायपुर। आजादी के अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान के दौरान कवर्धा में आम नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

जिला मुख्यालय कवर्धा के सभी 27 वार्डों से भ्रमण कर तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर तिरंगा रैली में शामिल होकर लोगों का उत्साह दोगुना कर दिया। जब तिरंगा अभियान रैली कवर्धा शहर के भ्रमण पर निकली तो बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष व बच्चे शामिल हुए। यह तिरंगा यात्रा शहर की जिस-जिस वार्ड में भ्रमण करते हुए आगे बढ़ रही थी, उस दौरान लोग अपने अपने घरों छत बालकनी में खड़े होकर साथ ही हाथ में तिरंगा झंडा लेकर रैली का अभिवादन कर रही थी। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। देश की आन बान शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज लिए तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों के मुंह से सिर्फ यही निकल रहा था भारत माता की जय तिरंगे झंडे की जय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जयकारा लगाया जा रहा था।

भारी वर्षा की संभावना

मौसम विभाग ने रायपुर के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया

रायपुर । छत्तीसगढ़ में सरगुजा संभाग को छोड़कर प्रदेश भर में रुक-रुक कर लगातार बारिश हो रही है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश की वजह से नदी नाले उफन पर हैं। वहीं रिहाइशी इलाकों में भी बरसात का पानी घरों में घुस गया है। इन सबके बीच मौसम विभाग ने भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बिलासपुर संभाग और उससे लगे हुए जिलों मुंगेली, कोरबा, गरियाबंद, दुर्ग, रायपुर, धमतरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटे में एक दो स्थानों पर अति भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। वहीं अगले 48 घंटे के लिए जांजगीर-चांपा, रायगढ़ और महासमुंद जिले में अति भारी बारिश की चेतावनी देते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक इन जिलों में एक दो स्थान पर गरज चमक के साथ अति भारी बारिश हो सकती है। भारी बरसात की वजह से इन जिलों में नदी नाले उफन पर आ सकते हैं। निचली बस्तियां जलमग्न हो सकती हैं। इसके साथ ही फसलों के डूबने और नुकसान की आशंका जताई है।

मौसम विभाग ने प्रदेश में रूक-रूककर हो रही बारिश के मद्देनहर रेड अलर्ट जारी किया

भूपेश सरकार से जनता छुटकारा पाना चाह रही

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव बोले- छत्तीसगढ़ में खिलाएंगे कमल

रायपुर । छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने भूपेश बघेल सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। आज प्रदेश की जनता इस सरकार से जल्दी से जल्दी छुटकारा पाना चाहती है। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता जनता की आवाज बनेगा। जनता के लिए सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेंगे। बेखौफ होकर लड़ेंगे और डटकर पूरा मुकाबला करेंगे। छत्तीसगढ़ में 2023 में कमल खिलाएंगे। रायपुर के एकात्म परिसर में अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक ऐसा कार्यकर्ता जिसने बूथ पर काम किया। जिसने मतदाता पर्ची बांटी, जिसने दीवारों पर कमल का फूल बनाया, जिसने खंभे पर चढ़कर झंडा और बैनर बांधा, उस ऐसे कार्यकर्ता को प्रदेश भाजपा का दायित्व सौंपा है।

बुजुर्ग से लूटपाट करने वाली 3 युवतियां गिरफ्तार

रायपुर । राजधानी में एक बुजुर्ग के साथ लूटपाट करने के मामले में उरला पुलिस ने तीन लड़कियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से लूटे गये नगदी तीन हजार रूपए तथा एक मोबाईल फोन जप्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार जमीर उद्दीन नामक व्यक्ति द्वारा उरला थानाक्षेत्र के ग्रेविटी रोड सूर्यांश ब्रिक्स के पास अपना स्लेग का गोदाम बनवाया जा रहा है जिसकी सुरक्षा के लिए उसने अपने छोटे भाई आसिफउद्दीन को भेजा था। शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे कुछ लोग निर्माणाधीन गोदाम के बाउंड्री में चढऩे लगे।

मुफ्त की रेवड़ी पर सियासत

एमएलए अजय चंद्राकर का सीएम भूपेश को चैलेंज, कहा- बहस के लिए दिन और समय बताएं

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने के कल्चर वाले बयान पर छत्तीसगढ़ में भाजपा-कांग्रेस के बीच सियासी जंग छिड़ गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और प्रदेश के खजाने पर सबका अधिकार हैं। लोगों को भोजन नहीं मिल पा रहा है। मकान नहीं बन पा रहे हैं। ऐसे में रेवड़ी बांटना किसे कहा जाएगा। न्यूनतम आवश्यकता को समझना होगा। बीमार उद्योग को मदद पहुंचाना। गरीबों को अनाज देना क्या रेवड़ी है। देश को तय करना होगा कि रेवड़ी क्या है? यह अच्छा है कि इस पर चर्चा तेज हो रही है।

सीएम भूपेश बघेल के बयान पर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता, विधायक व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने ट्वीट कर सीएम भूपेश बघेल को बहस का चैलेंज करते हुए दिन और समय तय करने की बात कही है। उन्होंने अपने ट्वीट एकाउंट पर लिखा- माननीय मुख्यमंत्री आप तो इस सूबे के महाराज हैं...। प्रधानमंत्री आवास (शहरी एवं ग्रामीण) आपने कितने बनवाए हैं...? यदि भोजन नहीं दे पा रहे हैं, तो स्थिति शर्मनाक ही है। इसलिए छत्तीसगढ़ में मुफ्त की रेवड़ियों वाली योजना में बहस जरूरी है...। कृपया समय अवश्य देवें।

विश्व आदिवासी दिवस कोलिहामार गुरुर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

समाज के नव निर्माण में आदिवासियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण- बघेल

रायपुर। *मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि देश को स्वाधीन कराने तथा राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में आदिवासी समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री बघेल ने कहा कि पूरे देश की भांति हमारे छत्तीसगढ़ में भी शहीद गुण्डाधुर, परलकोट के जमींदार शहीद गैंदसिंह नायक, सोनाखान के जमींदार शहीद वीर नारायण सिंह सहित अनेक आदिवासी महापुरूषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजों के खिलाफ ांति का शंखनाद कर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।*

उन्होंने आदिवासी समाज को शांत, सरल एवं मेहनतकश समाज बताते हुए कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के विकास एवं उनके हितों के संरक्षण के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ भी दी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल आज बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोलिहामार में आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति तहसील गुरूर द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। श्री बघेल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया, संसदीय सचिव एवं गोण्डवाना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिशुपाल शोरी, संसदीय सचिव श्री कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, गोंडवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री नीलकंठ टेकाम सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में 4 ट्रेनें फिर कैंसिल

नागपुर रेल मंडल के वर्धा-चीतोडा रेलवे स्टेशन में होगा नॉन इंटरलॉकिंग का काम

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR) ने 15 से 17 अगस्त तक चार गाड़ियों को कैंसिल कर दिया है। रेलवे प्रशासन ने इसके लिए खेद जताया है। दरअसल, SECR के नागपुर रेल मंडल के वर्धा-चीतोडा रेलवे स्टेशन के बीच वर्धा यार्ड का आधुनिकीकरण और नॉन इंटरलॉकिंग काम किया जाएगा। इसके चलते रेलवे ने ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है।

रक्षाबंधन पर्व पर 63 ट्रेनें थी रद्द

रक्षाबंधन पर्व पर रेलवे ने विकास कार्य के बहाने 63 ट्रेनों को रद्द कर दिया था। इसकी वजह से छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख स्टेशनों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई सहित अन्य जगहों के 50 फीसदी यात्रियों को सफर रद्द करना पड़ा था। बिलासपुर जोन में यात्री ट्रेनें तो लगातार कैंसिल कर रहा है, लेकिन इस दौरान मालगाड़ियों का परिचालन कम करने के बजाए उल्टा बढ़ा दिया गया है।

रद्द होने वाली गाड़ियां

15, 16 एवं 17 अगस्त तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से छूटने वाली 11039 छत्रपति शिवाजी महाराज-गोंदिया स्पेशल रद्द रहेगी।

16, 17 एवं 18 अगस्त तक गोंदिया से छूटने वाली 11040 गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल स्पेशल रद्द रहेगी।

15 एवं 16 अगस्त को शालीमार से छूटने वाली 18030 शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

15 एवं 16 अगस्त को कुर्ला से छूटने वाली 18026 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

ट्रेन के संकट से जूझ रहे छत्तीसगढ़ के यात्रियों के लिए फिर मुसीबत बढ़ गई है। इससे पहले भी रेलवे ने 28 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया था।

आजादी के आंदोलन में किसान-आदिवासी : विद्रोह और बलिदान की कहानियों को नहीं भुला सकते

इन्हीं दिनों कुछ किसानों की प्रधान भूमिका वाले विरोध- गोरखपुर(1778-81), रंगपुर (बंगाल, 1783) व सुबादिया (बंगाल, 1792) में हुए। बंगाल और बिहार में 1766-72 तक चुआड़ आदिवासी विद्रोह हुआ, जो 1795 से 1816 तक फिर हुआ। 1814-17 में अलीगढ़ के तालुकदारों ने विद्रोह किया। गुजरात के कोली लोगों ने 1824-25, 1828-39 और 1849 में विद्रोह किए।

1824 में हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाटों तथा कई आदिवासी विद्रोह हुए। आंध्र प्रदेश के रंपा क्षेत्र में आदिवासी मुखियाओं द्वारा 1840 और 1845 में विद्रोह हुए। 1855 में संथाल आदिवासियों का विद्रोह हुआ। किसानों की प्रमुख भूमिका वाले कुछ विद्रोह थे- बरासात (बंगाल) के टीटू मीर का विद्रोह, मैसूर की रैयत का विद्रोह व फरीदपुर (बंगाल) का विद्रोह।

1857 के स्वतंत्रता संग्राम में किसानों, दस्तकारों, मजदूरों आदि ने बड़े पैमाने पर हिस्सा लिया तथा धनुष, तलवार, भाला, खंजर जो भी हथियार उन्हें मिला, उसी से उन्होंने युद्ध किया। 1859-60 में बंगाल में नील के किसानों का बड़ा आंदोलन हुआ। बिहार में दरभंगा और चंपारण में 1866-68 में नील की खेती के शोषण के विरुद्ध विद्रोह हुए। सूदखोरी और वनाधिकारों के हनन के विरुद्ध आंध्र प्रदेश के गोदावरी रांपा क्षेत्र में आदिवासियों ने 1858, 1861 और 1862 में आवाज उठाई। पुणे और अहमदनगर जिलों में वर्ष 1875 में 33 स्थानों पर साहूकारों के विरुद्ध ग्रामीणों के विद्रोह हुए।

रांची और सिंहभूमि के क्षेत्र में बिरसा मुंडा के नेतृत्व में बहुचर्चित आदिवासी विद्रोह हुआ। उस विद्रोह ने रांची के अंग्रेजों में दहशत फैलाई थी, पर कुछ समय बाद उसे निर्ममता से कुचल दिया गया। बिरसा मुंडा की मृत्यु के बाद सरकार आदिवासियों के असंतोष को कम करने के लिए कुछ कानून बनाने को विवश हुई। 1893-94 में लगान बहुत बढ़ने के विरुद्ध असम के कामरूप और दरंग जिलों में किसान के आंदोलन हुए। 1896-97 में महाराष्ट्र में

आजादी की लड़ाई के बलिदानों को स्मरण करते समय हमें उन अनेक किसान व आदिवासी आंदोलनों को नहीं भूलना चाहिए, जिनमें शोषित-पीड़ित ग्रामीण जनता ने अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई व जागीरदारों-जमींदारों से मिले औपनिवेशिक शासकों का भी विरोध किया। ये आंदोलन लगभग अंग्रेज शासन की स्थापना के साथ ही शुरू हो गए थे।

लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन चले। 1896 और 1900 के बीच के अकालों में 90 लाख से अधिक देशवासी मारे गए। 1910 में बस्तर व 1913 में दक्षिण आंध्र प्रदेश में आदिवासियों ने वनाधिकारों के हनन के विरुद्ध विद्रोह किए। ओडिशा के खोंड आदिवासियों का एक विद्रोह 1915 के आसपास हुआ, जिसे कुचलने के लिए ब्रिटिश सरकार ने यहां के अनेक गांवों को जला दिया था। दक्षिण राजस्थान में गोविंद गुरु के समाज सुधार प्रयासों ने 1913 में एक जन विद्रोह का रूप ले लिया। मनगढ़ के पहाड़ पर 4,000 भीलों ने अंग्रेजी फौज का डटकर सामना किया, जिसमें 12 आदिवासी मारे गए व 900 गिरफ्तार हुए। मेवाड़ की बिजोलिया जागीर में किसानों को 86 तरह के कर देने पड़ते थे। इसके विरुद्ध एक साधु सीताराम दास के नेतृत्व में एक विद्रोह हुआ। इस बीच दक्षिण अफ्रीका से लौटकर महात्मा गांधी स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय हो गए थे। 1917 में वह चंपारण गए, जहां के किसानों के आंदोलन के फलस्वरूप सरकार उनकी समस्याओं को कम करने के लिए बाध्य हुई। अगले वर्ष गुजरात के खेड़ा जिले में फसल खराब होने के बावजूद लगान वसूले जाने पर गांधी के नेतृत्व में हुए प्रयासों से लगान में छूट मिली।

अलवर के नीमूचाणा में 50 फीसदी लगान वृद्धि का विरोध कर रहे किसानों पर गोली चलाई गई, जिसमें बहुत से लोग मारे गए। 1928 में बारदोली में सरदार पटेल के नेतृत्व में किसानों ने कर न देने का आंदोलन चलाया। 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा के नाम का पहला राष्ट्रीय स्तर का किसान संगठन बना। उसके बाद आजादी मिलने तक अनेक स्थानों पर आदिवासी व किसान आंदोलनकारी सक्रिय रहे। इस तरह देश को स्वतंत्र कराने में किसानों और आदिवासी आंदोलनों का भी काफी अहम योगदान रहा है।

भारत डोगरा

संपादकीय

कर्ज संकट का साया

तकरीबन 60 फीसदी विकासशील देशों के सामने कर्ज संकट विकराल रूप रूप में खड़ा हो गया है। श्रीलंका के डिफॉल्ट करने के बाद अब नजर पाकिस्तान, ट्यूनिशिया, घाना, केन्या और एल सल्वाडोर पर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि दुनिया के तकरीबन 60 फीसदी विकासशील देशों के सामने कर्ज संकट विकराल रूप रूप में खड़ा हो गया है। तमाम आर्थिक विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं। श्रीलंका पहले ही डिफॉल्ट कर चुका है। अब विशेषज्ञों की नजर पाकिस्तान, ट्यूनिशिया, घाना, केन्या और एल सल्वाडोर पर है। पाकिस्तान के सामने विदेशी मुद्रा का संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। ट्यूनिशिया के लिए अपनी बजट जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। घाना और केन्या पर कर्ज का भारी बोझ है। एल सल्वाडोर के बॉन्ड मैच्यूरो होने वाले हैं। वैसे मुसीबत में अर्जेंटीना भी है। वह अभी तक 2018 में पैदा हुए मुद्रा संकट के असर से ही नहीं उबर पाया है। तो यह साफ है कि अमेरिकी मुद्रा डॉलर के लगातार मजबूत होने से दुनिया के अनेक देशों में मुसीबत बढ़ी है। दुनिया की लगभग तमाम मुद्राओं के मुकाबले डॉलर का भाव असामान्य रूप से बढ़ा है। इसका अमेरिका के लोगों को भले फायदा हो रहा हो, लेकिन अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा गई हैं। वजह यह है कि दुनिया का आधे से ज्यादा कारोबार आज भी डॉलर में होता है। इसके अलावा ज्यादातर देशों अंतरराष्ट्रीय बाजार से डॉलर में कर्ज लेते हैं। अब डॉलर महंगा होने से कर्ज के रूप में उन्हें ज्यादा रकम चुकानी पड़ रही है।

मतदाता का परिपक्व होना ही लोकतंत्र का अमृत कलश, इस दिशा में प्रयास आवश्यक

इन सवालों के कई जवाब हो सकते हैं, सकारात्मक भी नकारात्मक भी, क्योंकि उपलब्धियों का डाटा अपेक्षाओं की भौतिक तुला में ही तौला जाएगा। लेकिन जो सबसे अहम बात है और शायद सबसे बड़ी उपलब्धि भी कि भारत ने इन 75 वर्षों में बड़े संघर्ष के बाद हासिल लोकतंत्र को न सिर्फ कायम रखा है बल्कि इसके स्थायित्व और वैविध्य को लेकर देश का मतदाता उत्तरोत्तर परिपक्व होता जा रहा है।

बावजूद इसके कि आज राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर मतदाता को रिझाने 'रेवड़ी बांटने', वोटर को खरीदने या गुमराह करने जैसे आरोप लगा रही है।

जागृत मतदाता बेहतर समाज की नींव

देश में लोकशाही की कायमी का कारण न केवल शिक्षा का प्रसार है, बल्कि मतदाता की उस अंतरात्मा का भी जागृत होना है, जो वोटर को परिस्थिति और वक्त की पुकार के अनुसार मत डालने को प्रेरित करता है। बीते एक दशक में इसका सबसे बढ़िया उदाहरण दिल्ली प्रदेश का है, जहां मतदाता लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों में अलग-अलग ढंग से वोट व्यवहार करता है। दिल्ली के बारे में कहा जा सकता है कि वह सुशिक्षितों का शहर है, लेकिन यही ट्रेंड हमें उन दूर-दराज के अनपढ़ और आदिवासी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है, जिसे अमूमन हम 'पिछड़ा' कह देते हैं। ऐसे क्षेत्र भौतिक विकास की परिभाषा में भले मिसफिट हों, लेकिन मतदाता की मैच्योरिटी के मामले में अगड़े और परिपक्व ही माने जाने चाहिए। महत्वपूर्ण यह है कि इस देश का वोटर राजनीतिक विविधता को भी संभाले हुए है। पहले कांग्रेस और अब भाजपा के रूप में एक पार्टी का सर्वसत्तावाद वोटर खारिज भी करता रहा है। यही राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता की भारत की आत्मा की सुंदरता है। स्वतंत्रता की 75 वीं सालगिरह पर हम यह विश्वास से कह सकते हैं कि आने वाले समय में भी कोई कितना ही नीचे गिर जाए, भारत की आत्मा को ठेस नहीं पहुंचा सकेगा। जहां तक अपेक्षाओं की बात है तो बहुत सी मंजिलें ऐसी हैं, जहां तक हमें पहुंचना चाहिए था, लेकिन नहीं पहुंच सके हैं। बीते साढ़े सात दशकों में देश में अभी भुखमरी है, कुपोषण है, शिशुओं की अकाल मौत और अपेक्षानुरूप रोजगार की कमी है, हर सिर को छत नहीं है, हर बच्चे को शिक्षा नसीब नहीं है, इलाज की सुविधाएं नहीं है, गरीबी है। राजनीतिक पार्टियां सत्ता स्वार्थ के लिए समाज की विभाजक रेखाओं को और गाढ़ा करने में जुटी हुई हैं। इसका अंतिम छोर क्या है, कोई नहीं जानता। इसके बाद भी यह सच्चाई है आज भारत की आवाज दुनिया में सुनी जा रही हैं। हम निरीहता से एक निश्चयात्मक भूमिका में हैं, क्योंकि हमने अपनी विशाल आबादी को अपने विकास का बड़ा अस्त्र बना लिया है। भारत को अपनी ताकत का मोलभाव करना आ गया है। इसके पहले पं.नेहरू और इंदिरा गांधी के जमाने तक दो ध्रुवीय विश्व में भारत ने गुटनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में एक धुरी बनने की कोशिश की थी, जिसमें हमे आंशिक सफलता भी मिली, लेकिन 21वीं आते-आते वैश्विक संतुलन बदल चुका है। लिहाजा भारत विश्व के दस अग्रणी देशों में शुमार है, इस सत्य को झुठलाना आईने को नकारने के समान है। बीते 75 वर्षों में हमने कई कामयाबियां हासिल की हैं। याद करें कि 1947 तक विदेशी सत्ता के अधीन रहते हुए भारत कहां था और अब कहां है? पहला मुद्दा तो आबादी का ही है। तब देश की आबादी 33 करोड़ थी, आज 135 करोड़ है।

स्वाधीनता के 75 वर्षों में एक संप्रभु स्वाधीन राष्ट्र के रूप में भारत ने क्या हासिल किया, कितना हासिल किया, किन मामलों में हम अब भी पीछे हैं, भारत के समानांतर स्वतंत्र हुए राष्ट्र अथवा चीन जैसा देश जहां नई साम्यवादी शासन प्रणाली लागू हुई, वो आज हमारी तुलना में कहां खड़ा है आदि कई सवाल हैं, जो हर जागरूक भारतीय के मन को मथते हैं।

अजय बोकिल

मिला जुला

हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत

अमित शाह ने अपने घर पर लहराया राष्ट्रध्वज

देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान की गूंज सुनाई देने लगी है. घरों-घरों में राष्ट्रध्वज की खूशबू महकने लगी है. भारत इस साल आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा है. क्योंकि 15 अगस्त को देश की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे हो रहे हैं. इसी को सेलिब्रेट करने के लिए 'हर घर तिरंगा' मुहिम शुरू की गई है. 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घर से हुई है. शाह ने आज अपने घर से भारत के राष्ट्रध्वज को लहराकर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चलाए जा रहे इस अभियान का औपचारिक रूप से आगाज किया. उन्होंने अपनी पत्नी सोनल शाह के साथ तिरंगा लहराकर इस मुहिम की शुरुआत की। आजादी के इस अमृत महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए देशवासियों से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की गई है. इस अभियान के तहत 20 करोड़ घरों पर तिरंगा फहराने का टारगेट सरकार ने रखा है. 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत देश के अलग-अलग हिस्सों में कल तिरंगा यात्राएं निकाली गईं. दिल्ली में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत CRPF ने तिरंगा यात्रा निकाली, तो वहीं हरियाणा के अंबाला में गृहमंत्री अनिल विज ने तिरंगा यात्रा के जरिए लोगों से अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की।

घरों में 'तिरंगा' लगाने की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जुलाई को देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाने की अपील की थी. इस बीच, संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि देश में हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा के बाद से लोगों को 20 करोड़ से ज्यादा तिरंगे उपलब्ध कराए गए हैं.

अभियान को मिल रहा समर्थन

वहीं, बीजेपी ने अपने बयान में शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को देश भर में खूब समर्थन मिल रहा है. पार्टी ने दावा किया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन 20 करोड़ घरों में तिरंगा लगाने का टारगेट निश्चित तौर पर हासिल कर लिया जाएगा. आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत सरकार ने 11 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया है. इसके तहत सभी देशवासियों से आग्रह किया गया है कि इस अवधि के दौरान वे अपने घरों पर या तो तिरंगा फहराएं या फिर उसे लगाएं.

कश्मीरी पंडितों को मारने के आरोपी की पत्नी, हिज्बुल सरगना सलाउद्दीन के बेटे समेत चार की सरकारी नौकरी छिनी

जम्मू-कश्मीर सरकार ने आतंक के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। केंद्र शासित प्रदेश सरकार ने आतंकवादी बिट्टा कराटे की पत्नी समेत चार सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। सभी चार कर्मचारियों को संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत सेवा से बर्खास्त किया गया है, जो सरकार को अपने कर्मचारियों को बिना किसी जांच के बर्खास्त करने में सक्षम बनाता है। सूत्रों के अनुसार, बिट्टा कराटे की पत्नी एवं कश्मीर प्रशासनिक सेवा की अधिकारी एस्बा अर्जुमंद खान को जम्मू-कश्मीर सरकार ने एलजी मनोज सिन्हा के निर्देश पर बर्खास्त कर दिया है। वह 2011 बैच की केएएस अधिकारी थी और ग्रामीण विकास विभाग में एक वरिष्ठ अधिकारी थी। वह जेकेएलएफ का समर्थन करने में शामिल पाई गई थी। इसके साथ ही कश्मीर विश्वविद्यालय के एक वैज्ञानिक और एक सहायक प्रोफेसर को भी बर्खास्त किया गया है। जेकेईडीआई में प्रबंधक के रूप में कार्यरत अब्दुल मुईद को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। अब्दुल मुईद, प्रतिबंधित संगठन हिजबुल मुजाहदान प्रमुख सयद सलाहुद्दीन का बेटा है। आरोप है कि वह आतका गातावाधया म शामल रहा है।

बिट्टा कराटे कौन है

बिट्टा कराटे का असली नाम फारूक अहमद डार है। उसका नाम बिट्टा कराटे इसलिए पड़ा क्योंकि वह मार्शल आर्ट में ट्रेंड था। वह आतंकी एवं अलगाववादी नेता यासीन मलिक के प्रतिबंधित संगठन जेकेएलएफ का सदस्य रहा है। बिट्टा कश्मीरी पंडित सतीश टिक्कू समेत अन्य लोगों की हत्या का आरोपी है। वर्ष 1990 में सतीश टिक्कू की हत्या कर दी गई थी। उसका आरोप बिट्टा कराटे पर लगा था। 1991 में एक टीवी चैनल पर साक्षात्कार के दौरान बिट्टा कराटे ने स्वीकार किया था कि उसने सतीश टिक्कू समेत दर्जनों कश्मीरी पंडितों को मार डाला, जिसके बाद कश्मीरी पंडितों ने घाटी से पलायन किया। हालांकि बाद में अपनी स्वीकारोक्ति से पलटते हुए बिट्टा ने कहा था कि उसने किसी को नहीं मारा और उसने टीवी चैनल पर दबाव में उक्त बयान दिया था।

फिल्म पर विवाद के बीच तिरंगे के साथ नजर आए आमिर

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान इन दिनों अपनी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को लेकर काफी सुर्खियों में हैं. बीते 11 अगस्त को ही उनकी यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. इस बीच अभिनेता अब किसी और वजह के चलते चर्चा में आ गए हैं. आमिर खान को लेकर कहा जा रहा है कि वह भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा' अभियान का समर्थन कर रहे हैं. दरअसल, सोशल मीडिया पर आमिर खान की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें आमिर खान अपनी बेटी इरा खान के साथ अपनी बालकनी में खड़े दिख रहे हैं. खास बात यह है कि इस तस्वीर में उनकी बालकनी की रेलिंग से भारतीय तिरंगा बंधा दिख रहा है.

नीतीश की महागठबंधन सरकार 24 अगस्त को साबित करेगी बहुमत

पटना। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई महागठबंधन सरकार 24 अगस्त को विधानसभा में बहुमत साबित करेगी। 24 अगस्त को एक दिवसीय विधानसभा का सत्र बुलाया गया है। इसी दिन विधानसभा को नया अध्यक्ष भी मिल जाएगा। सदन में सबसे पहले स्पीकर का चुनाव होगा, इसके बाद नीतीश सरकार अपना बहुमत साबित करेगी। विधानसभा के प्रभारी सचिव पवन कुमार पांडेय ने बताया कि विशेष सत्र 24 अगस्त को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसकी सूचना सभी सदस्यों को भेज दी गई है। सभी विधायकों को निर्धारित तारीख पर विधानसभा में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

बिहार विधानसभा के मौजूदा स्पीकर विजय सिन्हा 15 अगस्त के बाद ही अपना इस्तीफा देंगे। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडा फहराने के बाद वे अपना पद छोड़ देंगे। बताया जा रहा है कि स्पीकर सिन्हा अभी दिल्ली दौरे पर हैं और बीजेपी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। 15 अगस्त के बाद वे कभी भी इस्तीफा दे सकते हैं।

विधान परिषद को भी मिलेगा नया सभापति

बिहार विधानसभा के साथ ही 25 अगस्त को विधान परिषद का भी एक दिवसीय सत्र बुलाया गया है। इस दिन सभापति का चुनाव होगा। विधानपरिषद के कार्यकारी सचिव विनोद कुमार ने इसकी जानकारी दी। बीजेपी अवधेश नारायण अभी विधान परिषद के कार्यकारी सभापति हैं। उनकी जगह महागठबंधन से किसी को सभापति बनाया जाएगा। जेडीयू के रामवचन राय का नाम रेस में सबसे आगे है। इसके अलावा गुलाम गौस का नाम भी चर्चा में है।

दंडाधिकारी जांच रिपोर्ट के बाद भी अंत्येष्टि राशि गबन मामले के अधिकारी पर प्रशासन ने अभी तक नहीं की कार्रवाई

गरीब छात्रों की प्रोत्साहन राशि गबन करने वाले श्रम निरीक्षक सहित शामिलों पर अभी तक एफआईआर नहीं

जोहर छत्तीसगढ़–बीजापुर।

छग के अंतिम छोर यह अनेको संभावनाओं के साथ प्राकृतिक या शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्र का नाम राज्य स्तर पर रोशन हो रहा है। वही सत्ता परिवर्तन के बाद ही यहां के सत्ता संभालने वाले विधायक विक्रम मंण्डावी क्षेत्र के लोकप्रिय नेता के तौर पर उभर रहे हैं यह सोशल मीडिया की लगातार आ रहे रिपोर्ट के माध्यम से कहा जा सकता है।

इसकी सत्यता की बात करें तो लगातार लोगों से जिस तरह से जनसंपर्क की कई तस्वीरें सामने आती है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है लोगों की आशा व अपेक्षा वर्तमान विधायक से कई ज्यादा है। वही पूर्व की 15 साल की सत्ता को बदलने में भी यही मुख्य वजह रही है हर क्षेत्र में कार्रवाई की उम्मीद बढ़ जाती है वर्तमान विधायक पर एक मामला ऐसा आया जिससे लोगों में कि एक नई सोच को निर्मित कर रहा है यह सवाल पैदा हो रहा है कि सत्ता धारियों की सत्ता पावर से ज्यादा भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी कर्मचारियों की पहुंच ज्यादा है। बहराल इसकी पुष्टि हम नहीं करते, पर वर्तमान में 75 वें स्वतंत्रता दिवस पूरा भारत देश के साथ बीजापुर भी मनाएगा। वही संवेदनशील क्षेत्र के साथ जिला आज देश दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। उसी जिला की जिसकी एक बात अभी लोगों कानों में गूंज रही है बहु चर्चित मामला श्रम विभाग से जुड़ा है जहां किसी परिवार के मुख्य या किसी अन्य के गुजर जाने पर मिलने वाली अंत्येष्टि राशि जिसकी परिवार की सहयोग राशि कहा जाता है या उनके परिवार को उनके मुख्य की कमी को कुछ हद तक पूरा करने वाला महत्वपूर्ण रकम को गबन कर प्रभारी अधिकारी चार्ज के दौरान निरीक्षक सोपान करनेवार साथ लेखापाल, प्रभारी अधिकारी व अन्य का संलिप्त पाया गया। दंडाधिकारी जांच रिपोर्ट के माध्यम से सामने आया पूरा मामला, वही गरीब बच्चों को पढ़ाई में सहयोग प्रोत्साहन राशि जो मिलता है जिसकी गबन व अन्य खातों में डालने की बात भी जांच रिपोर्ट में पाया गया पर अब तक वर्तमान सरकार के किसी जिम्मेदार या जिला प्रशासन इन तीनों अधिकारी कर्मचारियों या अन्य सम्मिलित लोगों पर कानूनी कार्रवाई एफआईआर नहीं किया ना ही इन पर कोई कठोर कार्रवाई किया गया अब भी श्रम निरीक्षक उसी पद में बैठे है। पूर्व की भांति इस तरह के कार्यों को अंजाम नहीं दे रहे है इसकी कोई गारंटी नहींए पर अब भी लोगों को एक उम्मीद की 75 वें स्वतंत्रता दिवस मनाने से पहले इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होगी संभवत या सोचा जा सकता है।

उन गरीब बच्चों को मिलने वाली राशि उन सभी को आगे मिलेगा वह उन परिवार जिनके मुख्य गुजर गए उन्हें अंत्येष्टि राशि मिलेगी तो उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी बरहाल देखना होगा हमारी रिपोर्ट के बाद किस तरह कार्रवाई करती है जिला प्रशासन या क्षेत्रीय विधायक किस तरह इस पूरे मामले पर संज्ञान लेते हैं। पहले वाले बच्चे या उन परिवार जिनके मुख्य या अन्य गुजरे उनके सहयोग राशि श्रम विभाग ने खाया उनकी तरह अन्य के साथ ना हो जिनके साथ में गबन किया गया उनमें से नाम ना बताने की शर्त पर इन अधिकारी कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस स्वतंत्रता दिवस के मुख्य उद्देश्य यही पीड़ित परिवार।

एक नजर

पुरानी रंजिश के चलते महिला पर जानलेवा हमला

हत्या की कोशिश के अपराध में आरोपी जेल भेजा गया

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

पुरानी रंजिशवश जिले के बसना थाना अंतर्गत ग्राम बंसुलाडीपा के प्री.मैट्रिक बालक छात्रावास में काम करने वाली महिला पर तलवारनुमा हथियार से प्राणघातक वार करने के आरोपी के खिलाफ बसना पुलिस द्वारा भादवि की धारा 307 हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बंसुलाडीपा के रहने वाले श्यामलाल जगत ने पुलिस को अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। 12 अगस्त की सुबह वह 9 बजे अपनी पत्नी को ग्राम में ही स्थित प्री–मैट्रिक बालक छात्रावास में छोड़कर आया था। इसके 1 घंटे बाद 10 बजे श्यामलाल अपने घर की गली में था तभी उसे अपनी पत्नी की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनाई दी, तक दौड़कर वहा पहुंचा तो देखा किए ग्राम खटखटी निवासी दिलीप सेठ तलवारनुमा हथियार पकड़े था और लक्ष्मी जगत पर लगातार वार कर रहा था। इस पर चिल्लाते हुए श्यामलाल भी दौड़ा तो उसे आता देखकर दिलीप सेठ वहा से भाग निकला। पास आने पर श्यामलाल ने देखा तो उसकी पत्नी लक्ष्मी खून से लथपथ पड़ी थी और बेहोश हो चुकी थी। उसका दाहिना हाथए बाये हाथ और सिर में गंभीर चोटें लगी है। श्यामलाल ने वहा खड़े लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस बुलाकर लक्ष्मी जगत को सरकारी अस्पताल बसना पहुंचाया। जहा उसे प्राथमिक उपचार के बाद सघन चिकित्सा के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है। श्यामलाल की रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने आरोपी दिलीप सेठ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जिले में तीन मौते, एक करंट की चपेट में आया दो सड़क हादसे का शिकार हुये

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

जिले के खल्लारी, सरायपाली और सांकरा थाना क्षेत्र में तीन लोगों की हादसे में मौत हो गई है। इनमें दो की मौत सडक हादसे में हुई है जबकि तीसरे की मौत बिजली तार में करंट लगने से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम रामखेडहा निवासी लखन लाल पटेल 40 गुरूवार को खेत में लगी फसल को देखने गया था। इसी दौरान खेत के फेसिंग तार के संपर्क में आ गया जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने परिजन मुरारी पटेल की सूचना पर मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। इधर सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुन्दा निवासी अजय बरिहा 30 शुक्रवार को सडक हादसे का शिकार हो गया था उन्हें उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजन मुकुंद बरिहा की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है। इसी क्रम में सांकरा थाना क्षेत्र निवासी छोटे लोरम निवासी चक्रधर कश्यप भी शुक्रवार को बहादुरपुर लारीपुर के मध्य सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

आजादी का अमृत महोत्सव, हर घर तिरंगा अभियान

भाजपईयों ने वार्ड नं. 10 में घर–घर बाटा तिरंगा

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव पर्व पर भाजपा संगठन के राष्ट्रीय व राज्य के आव्हान पर घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वार्ड 10 में प्रभातफेरी निकालकर तिरंगा झण्डा घर घर में वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद वार्ड 10 देवीचंद राठी, कार्यक्रम प्रभारी सुजाता विश्वनाथन, शिक्षा प्रकोष्ठ भाजपा की जिला संचयोजक एमआर विश्वनाथन, पूर्व पार्षद प्रभा साहू, महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य हुसैना बानो, पार्षद राहुल चंद्राकर, अल्पसंख्यक शिक्षा प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक एमआर विश्रनाथन, पूर्व पार्षद प्रभा, साहू, महिला मोर्चा जिला कार्यकारणी सदस्य हुसैना बानो, पार्षद राहुल चंद्राकर, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नईम खान उपस्थित रहे। सांसद चुनीलाल साहू ने वार्डवासियों के लिए तिरंगा उपलब्ध कराया जिसे वितरित किया गया। वार्ड के गली मोहल्लें में प्रभातफेरी निकाली गई। तिरंगा के सम्मान में नारा लगाए गए। पार्षद देवीचंद राठी ने वार्डवासियों से अपील की कि मोदी राज में देश नागरिक को घर–घर में तिरंगा फहराने का अधिकार मिला हैं। 15 अगस्त को सभी अपने.अपने घरों की छतों में तिरंगा फहरां, । इस दौरान वार्ड के बंसी साहू, ललिता चंद्राकर, अमृता चंद्राकर, रेखा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, भूमिका वर्मा, शुभ्रा अग्रवाल, मोनिशा भावनकर,मुकेश साहू, उत्तरा साहू, गंगाराम साहू, निकिता जैन उपस्थित रहे।

पारंरिक गीतों के साथ रक्षा बंधन के दूसरे दिन भोजली विसर्जन किया गया

कोरबा । देवी गंगा देवी गंगा.. लहर तुरंगा... हमरो भोजली के दमके आठो अंगा जैसे पारंरिक गीतो के साथ रक्षा बंधन के दूसरे दिन शुक्रवार को भोजली का विसर्जन के विभिन्न नदी घाटों में हुआ है। शहर के विभिन्न बस्ती व कालोनियों से भोजली विसर्जन यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल महिलाओं व युवतियों ने पुन: आगनमन का निमंत्रण देकर भोजली की बिदाई दी गई।

भाद्रपद की प्रथमा तिथि होने की वजह से श्रावण में बोएं गए भोजली का धूमधाम से विसर्जन हुआ। विसर्जस का मुख्य आकर्षण शहरी क्षेत्र में देखा गया। जहां विभिन्ना बस्तियों में सैकडों की तादात में महिलाओं व युवतियों ने एकत्र होकर भोजली देवी को बिदाई दी। ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोगों आज भी परंपरा का जीवंत रखा है। शुक्रवार को लाल मैदान में आयोजित भोजली उत्सव लोगों के लिए आकर्षण रहा। उत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इधर शहर में भोजली विसर्जन कार्यक्रम में ढोढीपारा, पथरीपारा, सीतामढ़ी, पोंड़ी बहार आदि स्थानों में नई पीढ़ी के कि शोरी व युवतियों की भागीदारी रही। ढोढ़ीपारा में भी विसर्जन यात्रा निकाली गई जो पंपहाउस नदी घाट में पूर्ण हुई। पथरीपारा में भी भोजली विसर्जन का वृहत आयोज किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के रायपुर प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत- मनीष अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़–रायपुर।

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बिलासपुर लोकसभा सांसद अरुण साव के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत 13 अगस्त शनिवार दोपहर 1.30 बजे रायपुर विवेकानंद विमानतल में छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरे जोश खरोश के साथ भव्य स्वागत सत्कार नंदन–वंदन अभिनंदन किया गया स्वागत समारोह में मोटरसाइकिल रैली गाड़ियों का काफि ला विशेष कर्मा कृत्य पंथी नृत्य रावत नाच के साथ–साथ धुमाल की धुन में तिरंगे के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने अपने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। बिलासपुर नगर से भी बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी के साथ–साथ तखतपुर मुंगेली लोरमी कोटा मस्तूरी पेंड्रा गौरेला बेलतरा इन सभी क्षेत्रों से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रायपुर पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत समारोह में शामिल हुए रायपुर एयरपोर्ट से रैली की शक्ल में भारतीय जनता पार्टी एकात्म परिसर कार्यालय तक भव्य शोभायात्रा के रूप में जगह–जगह स्वागत प्रदेश अध्यक्ष का किया गया पूरा शहर रायपुर प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता युवा मोर्चा महिला मोर्चा समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के बंधु पूरे जोश खरोश के साथ मिशन 2023 के लिए नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में शामिल हुए।

शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन पर ध्यान देते हुए करें कार्य - डॉ. एस भारतीदासन

राजनांदगांव । मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जिले के प्रभारी सचिव डॉ. एस भारतीदासन ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की।

- औद्योगिक पार्क में स्थानीय उत्पादों के पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग का कार्य करें - स्थानीय उत्पादों को सी-मार्ट में बिक्री के लिए भेंजे -आजीविका मूलक गतिविधियों को दें बढ़ावा - जिले में किए जा रहे नवाचार की प्रशंसा की, नवाचार को ले जाएं उच्च स्तर पर - 10वीं, 12वीं के लिए ऑनलाईन निःशुल्क कोचिंग तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग को अध्ययन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए कहा- जिले के प्रभारी सचिव ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

सचिव डॉ. एस भारतीदासन ने कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन पर ध्यान देते हुए कार्य करें।

उन्होंने कहा कि बड़े गौठानों को औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित करते हुए अन्य छोटे गौठानों को जोड़कर वहां स्थानीय उत्पादों के पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग का कार्य प्रारंभ करें। औद्योगिक पार्क में स्थानीय उत्पादों के पैकेजिंग के बाद सी–मार्ट में बिक्री के लिए भेंजे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार गौठानों को औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित करते हुए वहां विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। गौठान हमेशा सक्रिय रहना चाहिए और वहां विविध कार्य होते रहना चाहिए। जिससे समूह की महिलाओं की आमदनी बढ़ेगी। मसाला मशीन, मिनी राईस मिल, आजीविका मूलक गतिविधियों को बढ़ावा दें। उन्होंने सी–मार्ट के माध्यम से समूह की महिलाओं के उत्पाद की बिक्री में प्रदेश में प्रथम आने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय विभाग आवश्यक सामग्री सी–मार्ट से क्रय करें। उन्होंने नरवा उपचार की जानकारी ली। गौमूत्र की खरीदी के बाद ज्यादा देर तक न रखें। इसके लिए पशुपालन विभाग समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दें। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में नरवा निर्माण से जल का स्तर बढ़ा है। इसके अंतर्गत गेबियन स्ट्रक्चर, परकोलेशन टैंक एवं अन्य जलीय संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। सचिव डॉ. एस भारतीदासन ने जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए तथा कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से कहा कि एसडीओ और सब इंजीनियर को लक्ष्य देते हुए कार्य कराएं। ऐसे ठेकेदार जो ठीक तरह से कार्य नहीं कर रहे है उन्हें नोटिस दें इसके बाद भी सुधार नहीं आने पर अनुबंध निरस्त करें।

फसल बीमा की राशि मिलने पर किसानों ने किया किसान नेता तुषार का अभिनंदन

फूल माला से स्वागत कर जताया आभार

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना में महासमुंद जिले के किसानों फ सल बीमा का क्लेम नहीं मिला था किसान क्लेम के लिए अब इंश्योरेंस कंपनी बैंक,कृषि विभाग के दफ्तरों के चक्कर लगाने मजबूर थे फि र किसानों ने किसान नेता अशवन्त तुषार साहू से मिलकर अपनी समस्या का बताया 21 अप्रैल 2022 को किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने किसानों के साथ मिलकर डिप्टी कलेक्टर डॉ नेहा कपूर से मिलकर मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा तब जाकर अगस्त महीने में महासमुंद जिला के सभी किसानों के खाते पर फ सल बीमा का पैसा आना शुरू हो गए हैं जिससे सभी किसान खुश होकर किसान नेता अशवन्त तुषार साहू का बहुत बहुत धन्यवाद व उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया और उन्हें गुलदस्ता फ ुल पहना कर स्वागत किया। रामकुमार ध्रुव, रमेश मिश्रा,शंकर लाल पटेल,सुरेंद्र विश्वकर्मा, भेवाराम निषाद, महेंद्र सिंह ठाकुर, निगम निषाद, रमेश कुमार चौधरी, जनक साहू व अन्य किसान साथी गण उपस्थित रहे।

खुटाघाट बांध हुआ लबालब, छलकते बांध के नजारे को देखने पहुंचने लगे पर्यटक

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

अंचल के सबसे प्रसिद्ध बांध और पर्यटक स्थल खुटाघाट में शुक्रवार रात्रि में वेस्ट वेयर आरंभ हो गया। ऐसा बरसों बाद हुआ है जब अगस्त माह में ही बांध छलकने लगा। करीब 1.15 लाख एकड़ में इस बांध से सिंचाई होती है।

पिछले साल अच्छी बारिश के कारण बांध में पर्याप्त पानी था और इस वर्ष भी लगातार हो रही बारिश के कारण खारंग नदी में पर्याप्त पानी है जिस कारण शुक्रवार को बांध पूरी तरह भर गया और वेस्ट वेयर से ओवरफ्लो आरंभ हो गया। बांध को सुरक्षित रखने के लिए यह व्यवस्था की जाती है। जिससे बांध में अतिरिक्त पानी जमा होने के बाद वह एक अन्य नहर से बह जाती है लेकिन इस विशालकाय बांध में अतिरिक्त जल जब बहकर नहर में गिरती है तो यह नजारा किसी झरने की तरह दिखाई पड़ता है। जिस कारण यह नजारा पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होता है। हर वर्ष पर्यटकों को बांध के ओवरफ्लो होने की प्रतीक्षा होती है। इस वेस्ट वेयर को देखने दूर–दूर से लोग खुटाघाट पहुंचते हैं। अमूमन ऐसा नजारा अगस्त के अंतिम दिनों में या फि र सितंबर माह में नजर आता है लेकिन इस साल अच्छी बारिश के कारण अगस्त महीने में ही खुटाघाट बांध पूरी तरह भर गया। यह पूरे अंचल के लिए अच्छी खबर है। उम्मीद थी कि एक–दो दिनों में यह पूरी तरह भर जाएगा लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण शुक्रवार रात्रि को ही बांध पुरा भर गया। यह खबर आसपास फैलते ही लोग इस नजारे को देखने पहुंच गए। उम्मीद है कि इस साल के शुरुआत में ही खुटाघाट बांध यानी संजय गांधी जलाशय पूरी तरह भर जाने से आगामी काफी दिनों तक यह वेस्ट वेयर चालू रहेगा। जिससे यहां पर्यटकों की आमद बढ़ेगी।

नवनियुक्त थाना प्रभारी की त्वरित कार्यवाही, लूट के आरोपियों को महज आठ घंटे में गिरफ्तार कर भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

बेस्ट पुलिसिंग के लिए जिले भर में विख्यात निरीक्षक प्रद्युमन तिवारी ने 10 अगस्त को थाना प्रभारी केल्हारी का पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त थाना प्रभारी केल्हारी प्रद्युमन तिवारी ने अपनी कड़क एवं त्वरित कार्यवाही का आगाज कर दिया हैं।

पदभार ग्रहण करते ही मारपीट कर बायलर मुर्गों की लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को रातभर तलाश एवं खोजबीन कर सभी को जेल के सलाखों के पीछे भेजने में सफ्लता की है। उक्त मामले के संदर्भ में थाना प्रभारी केल्हारी ने बताया हैं कि प्रार्थी संत कुमार अगरिया पिता रामनाथ अगरिया उम्र 28 वर्ष सा0 मौहरी थाना केल्हारी जिला कोरिया छग ने 11 अगस्त 2022 को समय 21 बजे शिकायत दर्ज करवाया की घटना 11 अगस्त 2022 के 20.50 बजे घटना स्थल . धावा मोड़ान बिजराड नर्सरी जंगल मेन रोड में आरोपी अज्ञात 03 व्यक्तियों द्वारा मशरूका 09 नग बायलर मुर्गा कीमती 900 रूपये की प्रार्थी को मारपीट कर लूट लिया गया है। प्रार्थी ने बताया है कि मैं ग्राम मौहारी मे रहता हूँ केल्हारी निवासी युसुफ मुसलमान के पोल्ट्री फार्म से मुर्गा देहात में पहुंचाने का काम करता हूँ कि 11 अगस्त 2022 के शाम करीब 08 बजे युसुफके मुर्गा दुकान से 30 नग मुर्गा लेकर अपने मोटर सायकल से ग्राम चरवाही के इरफ्नन के दुकान मे पहुंचाने जा रहा था कि करीब 08 बजे धावा मोड़ान बिजडार नर्सरी जंगल मेन रोड में पहुंचा था तभी 03 अज्ञात व्यक्ति मुझे रोक लिया और मुझसे मुर्गा मांगने लगे तब मैं बोला कि मुर्गा चरवाही के इरफ्नन का है और मैने मुर्गा देने से मना किया तभी पीछे से वही बुढ़ा व्यक्ति वहाँ पर पहुंच गया तो वे तीनो उस बुढे व्यक्ति की लाठी को छिनकर मेरे सिर में दो तीन बार लाठी मारे जिससे मै जमीन मे मोटर सायकल सहित गिर गया तब 30 नग मुर्गा में से तीनों व्यक्ति 09 नग मुर्गा कीमती करीब 900 रूपये को लूटकर भाग गये। अज्ञात व्यक्तियों के मारने से मेरे सिर में चोट लगकर काफी खून निकला है। घटना की खबर लगते ही थाना प्रभारी केल्हारी प्रदुम्न तिवारी निरीक्षक ने पुलिस टीम गठित कर घटना स्थल में रवाना किये। अज्ञात अपराधियों को रात भर पता तलाशी एवं खोजबीन कर 12 अगस्त 2022 को सुबह तड़के गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 394, 34 भादंवि के तहत कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रदुम्न तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक बाबूलाल पैंकरा, प्रधान आरक्षक प्रेमप्रवीण लकड़ा, शेषनारायण सिंह, विपिन मिंज, शिवकुमार मिंज, निकोलस मिंज, एवं आरक्षक भगतसिंह, मिथलेश यादव, सीताराम वारे, अनिल खाखा, दीपक मिंज, टिंटू साहू, प्रबोध कूजुर की विशेष भूमिका रही।

एक नजर

ग्राम खरोरा में पानी का संकट गहराने पर चौकन्नी हुई पंचायत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

खरोरा में ग्रामीणों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ेगा। नई पाइपलाइन विस्तार के कारण यह समस्या आ रही है। हालांकि पंचायत ग्रामीणों को दिक्कत न हो इसके लिए व्यवस्था कर रही है। लेकिन इस व्यवस्था से ग्रामीणों को परेशानी हो सकती है। उक्त कार्य लगभग 15 दिन व महीने के अंत तक पूरा होगा। इस काम की समाप्ति के बाद अगामी गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को पेयजल के लिए किल्लत नहीं होगी। बता दें कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन विस्तार का कार्य गांव में काम शुरू होने वाला है। पाइपलाइन का काम व टेस्टिंग का कार्य पूरा होने के बाद पानी की सप्लाई पानी टंकी के माध्यम से होगी। इधरए इस संबंध में ग्राम पंचायत खरोरा के सरपंच सुनीता देवव्रत चंद्राकर ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में नई पाइपलाइन का विस्तारीकरण हो रहा है। ये कार्य 15 दिन व महीने के अंत तक चलेगा। इस दौरान पानी की समस्या ग्रामीणों को हो सकती है वहीं गांव के पुराने बोर व हैंडपंपों को चालू कराया जा रहा है। ताकि पानी यहां से ग्रामीणों को मिल सके।

भोजली त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

भोजली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ महामाया प्रांगण में मनाया गया भोजली लेकर लड़कियां और महिलाएं कैराहापारा तुलजा भवानी मंदिर में इकट्ठा हुई वहां से भोजली लेकर पैदल महामाया कुंड में पहुंचे वही गांधीनगर से भी भोजली लेकर पूरा जत्था महामाया पहुंचा तथा नगर के विभिन्न जगहों से भी भोजली को सजा कर महामाया कुंड में विसर्जन करने के लिए पहुंचे जहां पर सभी ने विधि विधान से पूजा कर भोजली विसर्जन किया हर बार भोजली प्रतियोगिता का आयोजन महामाया ट्रस्ट के द्वारा किया जाता था लेकिन इस बार कुछ कारणवश यह आयोजन नहीं हो पाया है इसलिए भोजली लेकर आने वाली जत्था के युवतियों को थोड़ा निराश होना पड़ा।

नशेड़ी युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

कोरबा । छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक नशेड़ी युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वो रोज 6 से 7 नशे की गोलियां खाया करता था। हमेशा नशे में चूर रहता था। बताया गया कि वह दोपहर के वक्त खाना खाकर कमरे में गया था। इसके बाद लौटा ही नहीं। घर वालों को उसकी फंदे पर लटकी हुई लाश मिली है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

हमर तिरंगा अभियान ऊंचे लहराते तिरंगे, गगनभेदी नारों से देशभक्ति के रंग में सराबोर हुआ जिला

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों, प्रशासन से लेकर आमजन की सहभागिता का दिखा खूबसूरत नजारा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर जिले में पूरे जोश, खुशी और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हमर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 11 से 17 अगस्त तक प्रदेश में स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने और नई ऊर्जा का संचार के उद्देश्य के साथ आज जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित मिनी स्टेडियम से घड़ी चौक तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में संसदीय सचिव तथा बैकुण्ठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत सीईओ कुणाल दुदावत एवं सभी प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर स्कूली बच्चों और जिलेवासियों ने तिरंगा यात्रा में अपनी सहभागिता निभाई। तिरंगा यात्रा में ऊंचे लहराते तिरंगे और जिला प्रशासन से लेकर आमजन की सहभागिता का खूबसूरत नजारा दिखा। गगनभेदी नारों से देशभक्ति के रंग में पूरा जिला सराबोर रहा। रामानुज मिनी स्टेडियम से शुरू हुई तिरंगा यात्रा घड़ी चौक से होते हुए पुन: मिनी स्टेडियम में ही आकर समापन हुआ। लोगों को भेंट किया गया तिरंगा, स्कूली बच्चों ने भारत माता तथा शहीद भगत सिंह के अवतार में लोगों को तिरंगा लगाने प्रेरित किया। तिरंगा यात्रा के दौरान संसदीय सचिव, कलेक्टर एवं एसपी में घड़ी चौक में लोगों को तिरंगा देकर अपने घरों, कार्यालयों, कार्यस्थलों तथा दुकानों में झण्डा फ हराने की अपील की। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी.कर्मचारी, विद्यायलीन छात्र-छात्राएं सहित आमजनों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में सभी ने हाथों में तिरंगा रख देशभक्ति के नारे लगाए और शान से तिरंगा लहराकर आयोजन में शामिल हुए।

जिले में पहली बार झुमका बोट क्लब में पानी पर लहराएगा तिरंगा

अभियान के तहत झुमका बोट क्लब तथा झुमका आइलैंड में सुबह 11 बजे तिरंगा फ हराया जाएगा। जिले में पहली बार झुमका बोट क्लब में बोट के माध्यम से पानी पर तिरंगा लहराएगा। इसके साथ ही कटगोड़ी स्थित वॉच टावर में जिले का सबसे ऊंचा तिरंगा लगभग 30 मीटर ऊंचाई पर फहराया जाएगा।

हमर तिरंगा अभियान कलेक्टर शर्मा ने अपने निवास पर फहराया तिरंगा

शासकीय कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, दुकानों और घरों पर भी आमजन ने लगाये तिरंगे

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में आयोजित स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अपने निवास में तिरंगा फहराया। उन्होंने जिलेवासियों को इस पावन अवसर पर अभियान में सहभागी बन देशप्रेम की भावना के साथ अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की।

घरों, शासकीय कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, दुकानों में भी फहरा गए तिरंगे

हमर तिरंगा अभियान के तहत 11 से 17 अगस्त तक आयोजित स्वतंत्रता सप्ताह में जिलेवासी

सम्मानपूर्वक अपने.अपने घरों में तिरंगे फहरा रहे हैं। सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वज संहिता का पालन करते हुए तिरंगे फ हराए गए। वहीं प्रतिष्ठानों, दुकानों में भी आमजनों ने तिरंगे फ हराए गए। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त 2022 को आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिले में हमर तिरंगा अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर घर में तिरंगा फहराया जा रहा है और पूरे जिले में जिले वासियों द्वारा सक्रिय सहभागिता दर्शाते हुए विविध कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।

ऑल इंडिया लिनेश क्लब मनेंद्रगढ़ ने ब्लाइंड स्कूल पहुंचकर नेत्रहीन विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

ऑल इंडिया लिनेश क्लब मनेंद्रगढ़ द्वारा अनुकरणीय कार्य करते हुए ब्लाइंड स्कूल पहुंचकर वहां के नेत्र हीन विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधकर उनका मुंह मीठा कराया तथा उन्हें शुभ आशीष दी इसके साथ ही आजादी के 75 वर्ष गांठ के अवसर पर अमृत उत्सव के तहत क्लब अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों को तिरंगा वितरित किया गया। एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधों की सुरक्षा के तहत पौधों बंधन का कार्य करते हुए पौधों को

रक्षा सूत्र क्लब सदस्यों ने बांधा साथी आजादी का अमृत उत्सव मनाते हुए स्कूल परिसर में क्लब सदस्यों ने तिरंगा फहराते हुए रैली निकालकर देशभक्ति के नारे लगाए क्लब अध्यक्ष पम्मी अरोड़ा ने ब्लाइंड स्कूल के समस्त विद्यार्थियों एवं क्लब के सभी सदस्यों को आजादी के 75 वी वर्षगांठ की शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी आज के इस कार्यक्रम के आयोजन में क्लब सदस्य श्वेता पोद्दार का विशेष योगदान रहा इस दौरान लीनेश क्लब की अध्यक्ष पम्मी अरोड़ा सचिव प्रतिभा अग्रवाल कोषाध्यक्ष मधु जैन अनीता फ रमानिया बबीता अग्रवाल प्रीति अग्रवाल वर्षा अग्रवाल आदि की उपस्थिति रही।

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक तिरंगा हमारा लक्ष्य - डॉ. रश्मि सोनकर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

आजादी को 75 साल पुरे होने वाले है और अमृत महोत्सव की उमंग बेहद खास है। भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा और घर घर तिरंगा, इसी उद्देश्य को लेकर हम सब मिलकर प्रण किये है कि ग्रामीण अंचल में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 750 तिरंगा का वितरण लोगों को जागरूक करके उन्हे तिरंगा वितरण करके तिरंगे कि महत्व बतायेंगे और सभी के मन मे देशभक्ति का भाव जगायेंगे। हमारा लक्ष्य 750 तिरंगा वितरण करने का है प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा मे बच्चों को जाकर तिरंगे और आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी दी, आसपास के ग्रामीण क्षेत्र बेलबहरा, शंकरगढ़, कठौतिया, सिरौली, पिपरिया के साथ मनेंद्रगढ़ में तिरंगा वितरण किये व 13-15 अगस्त तक

आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर हर घर तिरंगा के अभियान को पुरा करेंगे,आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत की आजादी के 75 साल और इसके लोगों संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने और मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। यह महोत्सव भारत के लोगों को समर्पित है। जिन्होंने न केवल भारत को अपनी विकासवादी यात्रा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि उनके भीतर प्रधानमंत्री मोदी के भारत 2.0 को सक्रिय करने के दृष्टिकोण को सक्षम करने की शक्ति और क्षमता भी है। जो आत्मनिर्भर की भावना से प्रेरित है।

आजादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान के बारे में प्रगतिशील है। आज के कार्यक्रम में डॉ. रश्मि सोनकर, ज्योति मांझी, आकाश दुआ, रवि सिंह, कवि रजक, व मुकेश सोनकर ने घर-घर जाकर तिरंगा का वितरण किया।

मनरेगा की बहनों ने अपने विधायक भईया को बांधी राखी

बहनों ने भाई के उज्वल भविष्य की कामनाएं तो भाई ने संकट में सहयोग और रक्षा करने का दिया वचन

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

विधायक बंगले में माहौल उस वक्त भावुक हो गया। जब रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ की जिला बीजापुर की महिला कर्मचारियों ने संकट के समय सहयोग करने वाले क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी को राखी बांधकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विधायक ने इन बहनों को कहा कि आप लोगों ने मुझे राखी बांधकर अपना बड़े भाई बनाया है।

जब कभी भी आप लोगों को कोई समस्या होगी मैं उसे दूर करने शत प्रतिशत प्रयास करूंगा। अपना मोबाइल नंबर देते हुए विधायक ने कहा कि जब कभी भी कोई भी जरूरत हो तो आप लोग सीधे मुझसे संपर्क कर सकते है। महासंघ की सदस्य रूखमणी श्रीवास्तव ने बताया कि हड़ताल के दौरान व हड़ताल के बाद भी जब कभी विधायक के पास अपनी समस्याओं को लेकर गए। उनके द्वारा गंभीरता पूर्वक सुनते हुए निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही की गई।

क्षेत्र के विधायक होने के नाते वो अपनी व्यस्ततम दिनचर्या के बावजूद हम लोग के लिए समय निकालकर एक बड़े भाई के समान हमेशा संकट में सहयोग किए, इसलिए हम सभी मनरेगा महिला कर्मचारियों ने तय किया कि भईया को राखी बांधेंगे। इस दौरान ममता जव्वा, निखत रिजवी, हेमलता चंद्राए करिश्मा, दुर्गा, रीता सकनी, रवि कांता, किरण नाईक,कमल ताती उपस्थिथ थे। जिन्होंने राखी बांधकर विधायक का मुंह मीठा कराया।

हर दिन बढ़ती जा रही है अवनीत कौर की बोल्डनेस, क्रॉप टॉप में बढ़ाया इंटरनेट का पारा

टीवी के बाद बॉलीवुड की ओर रुख करने वाली अवनीत देखते ही देखते सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं. चाइल्स आर्टिसिस्ट के तौर पर अपने करियर की शुरुआत करने वालीं अवनीत कौर ने बहुत छोटी सी उम्र में एक खास मुकाम हासिल कर लिया है. वह इन दिनों अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. हालांकि इससे पहले ही उन्होंने अपने बोल्ड लुक्स से लोगों को दीवाना बना दिया है. एक्ट्रेस अपने प्रोजेक्ट्स से ज्यादा लुक्स और स्टाइलिश अंदाज की वजह से चर्चा में रहने लगी हैं.

अवनीत कौर सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं

वहीं, दूसरी ओर अवनीत अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. आज लोग उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. वह आए दिन अपनी एक से बढ़कर एक तस्वीरें शेयर कर लोगों के होश उड़ा देती हैं. अब एक बार फिर से अवनीत ने अपने नए अवतार से इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है.

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में अवनीत व्हाइट क्रॉप टॉप और पैंट पहने दिखाई दे रही हैं. इस लुक में वह इतनी बोल्ड लग रही हैं उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. ग्लैमरस लुक को कंप्लीट करने के लिए अवनीत ने लाइट मेकअप किया है और बन बनाया है. यहां वह कैमरे के सामने अलग-अलग अदाएं दिखा रही हैं. इस नए लुक में अवतार काफी हॉट दिख रही हैं. फैंस उनके इस लुक की तारीफें करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. दूसरी ओर अवनीत के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही कंगना रनौत के प्रोडक्शन में बनी फिल्म टीकू वेड्स शेरू में नजर आएंगी. इस फिल्म में अवनीत को नवाजुद्दीन सिद्दीकि के साथ लीड रोल में देखा जाने वाला है.

'फुर्तीला' के साथ अमायरा दस्तूर पंजाबी फिल्मों में अपने धमाकेदार डेब्यू के लिए हैं तैयार

अदाकारा अमायरा दस्तूर हिंदी, तमिल और तेलुगु फिल्मों में खुद को साबित कर चुकी हैं। अब अमायरा अपनी अपकमिंग फिल्म 'फुर्तीला' के साथ पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में अमायरा के साथ जस्सी गिल नजर आएंगे।

इस फिल्म का निर्देशन अमर हुंदल कर रहे हैं। कह सकते हैं कि इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के जरिए अमायरा ने अपने पैन इंडिया स्टार बनने के लक्ष्य की तरफ एक और कदम बढ़ा लिया है। अमायरा दस्तूर कहती हैं भाषाई बंदिशों से बाहर निकलने का मौका कलाकारों को अपनी अभिनय कला कौशल के बदौलत मुकाम हासिल करने में काफी मदद करता है। मेरे लिए यह सुनहरा मौका है। लोग अब क्षेत्र के बाहर से किसी के साथ सहयोग करने को तैयार हैं, जैसे कि मैं, जो पंजाबी नहीं बोलती लेकिन एक पंजाबी फिल्म पर काम कर रही हूँ। ऐसे में अब सभी को अमायरा दस्तूर की पंजाबी फिल्म का इंतजार है।

मैं विभिन्न भाषाओं के संगीत का भी आनंद लेता हूं : आयुष्मान खुराना

हिंदी सिनेमा जगत के जाने-माने अभिनेता आयुष्मान खुराना संगीत प्रेमी हैं। उनका कहना है कि वह हमेशा नए गानों और नए संगीत की तलाश में रहते हैं। आयुष्मान ने कहा, मैंने बचपन से संगीत का आनंद लिया है और मैं विभिन्न भाषाओं के संगीत का आनंद लेता हूं। मुझमें यह गुण मेरी दादी से आया है। वह फिल्मी गानों की एक विश्वकोश की तरह थीं और हर तरह के संगीत का आनंद लेती थीं। इसी तरह, मेरे दिमाग में हर मौके के लिए एकदम सही गाना रहता है और मुझे गाना खोजने में बहुत मजा आता है।

मन कस्तूरी रे से मराठी फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है तेजस्वी प्रकाश

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश जल्द ही मराठी फिल्मों से फिल्मों में डेब्यू करने जा रही हैं। टेलीविज़न के बाद अब तेजस्वी बॉलीवुड पर अपनी धमाल मचाती नजर आएंगी। बिग बॉस 15 की ट्रॉफी अपने नाम करने वाली एक्ट्रेस ने हाल में अपनी आने फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर साझा किया है।

बता दे कि तेजस्वी प्रकाश जल्द ही सिल्वर स्क्रीन पर अपना जलवा बिखेरती

दिखाई देने वाली हैं। तेजस्वी मराठी फिल्म मन कस्तूरी रे से मराठी फिल्मों में डेब्यू कर रही हैं। इस खबर ने उनके प्रशंसकों को बहुत खुश कर दिया है। तेजस्वी की फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। अपनी फिल्म के पोस्टर को तेजस्वी ने अपने सोशल मीडिया पर साझा किया है। पोस्टर में उनके साथ मराठी एक्टर अभिनय बेर्डे नजर आ रहे हैं। जो फिल्म में उनके अपोजिट हैं। वही पोस्टर में दोनों साथ स्कूटर पर राइड करते दिखाई दे रहे हैं। तेजस्वी जहां बहुत खुश और मस्ती कर रही हैं वहीं अभिनय घबराए से स्कूटर को बैलेंस करते नजर आ रहे हैं। तेजस्वी अपनी पहली फिल्म का पहला पोस्टर साझा करते हुए मराठी में कैप्शन लिखा है। उन्होंने ने लिखा- मन सांगे हे मला वेड लागे या जीवा सावरू नको रे माला नव्या सपंदनांची नवी ल स्थूर मन कस्तूरी रे, 4 नोवेंबर पास्च्या जवच्या चित्रपट घरात! समनकस्तुरीरे समनकस्तुरीरे४नोव। वही तेजस्वी के प्रशंसक इस खबर से बेहद खुश है।

खेल

कोहली के पास फॉर्म पाने का अच्छा मौका

पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में 77 का एवरेज, वनडे की बेस्ट पारी एशिया कप में ही खेली

वर्ल्ड क्रिकेट में इस समय सबसे बड़ी चर्चा टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली की फॉर्म है। 23 नवंबर 2019 के बाद इस खिलाड़ी के बल्ले से एक भी शतक नहीं निकला है। इस साल खेले 4 टी-20 मुकाबलों में विराट ने 20.52 की साधारण औसत से सिर्फ 81 रन बनाए हैं। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज के बाद विराट ने आराम ले लिया था और वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे। 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में उन्हें टीम का हिस्सा बनाया गया है। ऐसे में चर्चा शुरू हो गई है कि क्या इस मेगा टूर्नामेंट में विराट अपनी खोई हुई फॉर्म वापस ला पाएंगे, क्या हम एक बार फिर उस

कोहली को मैदान पर देखेंगे जो बल्ले से रन बनाने के बाद शेर की तरह दहाड़ता था। एशिया कप में जब-जब विराट खेले हैं उनका बल्ला जमकर बोला है। भारत का पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ है। पड़ोसी मुल्क के खिलाफ भी किंग कोहली खूब रन बनाते हैं। ऐसे में उनकी फॉर्म में वापसी तय मानी जा रही है।

पाकिस्तान के खिलाफ खूब गरजता है किंग का बल्ला

एशिया कप में भारत अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को खेलेगी। 2012 से लेकर 2021 तक कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 टी-20 मैच में 77.75 की शानदार औसत से 311 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं और उनका बेस्ट स्कोर 78 रन नाबाद है। 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में भी जब पाकिस्तान के खिलाफ भारत का टॉप ऑर्डर फ्लॉप रहा था, तब कोहली ही थे जिन्होंने 57 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को 151 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। हालांकि, हम वह मुकाबला हार गए थे। वनडे में विराट का बेस्ट स्कोर 183 रन है। ये पारी उन्होंने एशिया कप में ही पाकिस्तान के खिलाफ खेली थी। 2011 में इस मेगा टूर्नामेंट के 5वें मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 6 विकेट खोकर 329 रन बनाए थे।

फेडरेशन तलाश में जुटी, यूरोप में नागरिकता पाने के लिए भागने का शक

लंदन। कॉमनवेल्थ में हिस्सा लेने गए पाकिस्तानी खिलाड़ियों के दल में से दो बॉक्सर गायब हो गए हैं। इसके बाद बॉक्सिंग फेडरेशन इनका पता लगाने में जुट गया है। अब तक इन प्लेयर्स का पता नहीं लगा है। गायब हुए दोनों बॉक्सर्स को खेलों में कोई मेडल नहीं मिला था। माना जा रहा है कि ये दोनों प्लेयर्स किसी यूरोपीय देश में सुरक्षित भविष्य तलाश करने के लिए गायब हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी खिलाड़ी गायब हुए हैं, इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

कौन हैं दोनों बॉक्सर

'द डेली पाकिस्तान' के मुताबिक, गायब होने वाले दोनों बॉक्सर के नाम सुलेमान बलोच और नजीरउल्ला हैं। यह दोनों तब गायब हुए जब बाकी खिलाड़ी टीम बस में सवार होने के लिए जा रहे थे। इसके बाद सभी प्लेयर्स को इस्लामाबाद की फ्लाइट में बैठना था।

एक नजर

पदक के साथ घर लौटना खास अनुभव - संगीता कुमारी

नयी दिल्ली । बर्मिंघम 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी संगीता कुमारी ने अपने पहले राष्ट्रमंडल अनुभव के बारे में कहा कि एक पदक के साथ घर लौटना बेहद खास अनुभव था। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के कांस्य पदक मैच में पिछली बार की स्वर्ण पदक विजेता न्यूज़ीलैंड को हराकर राष्ट्रमंडल पदक के 16 साल के सूखे को समाप्त किया था। 20 वर्षीय संगीता ने इसके बारे में कहा, एक पदक के साथ घर लौटना बेहद ही खास एहसास है। घर में त्योहार जैसा माहौल है। हमारे गांव में सभी लोग बेहद खुश और उत्साहित हैं। वह कहते हैं कि यह झारखंड के लिये गौरव का क्षण है। मेरा खयाल है कि पोडियम पर खड़े होने के अनुभव को भूलने में कुछ समय लगेगा।

उन्होंने पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने के बारे में कहा, मैं पहले-पहल काफी दबाव में थी, लेकिन टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने कहा कि इस तरह महसूस करना आम बात है, खासकर एक बड़े खेल आयोजन में। मैं उनके समर्थन की आभारी हूं।

रॉस टेलर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट में नस्लवाद का आरोप लगाया

वेलिंगटन । न्यूज़ीलैंड के पूर्व बल्लेबाज़ रॉस टेलर ने अपनी आत्मकथा 'ब्लैक एंड व्हाइट' में आरोप लगाया है कि उन्हें अपने करियर के दौरान नस्लवाद का सामना करना पड़ा था। टेलर ने अपनी किताब में लिखा है कि न्यूज़ीलैंड में क्रिकेट गोरे लोगों का खेल था, जिसका कुछ हिस्सा न्यूज़ीलैंड हेराल्ड ने गुरुवार को प्रकाशित किया।

रिपोर्ट के अनुसार टेलर ने लिखा, अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में मैं एक अपवाद था। गोरे लोगों की टीम में एक सांवला चेहरा। इसके साथ चुनौतियां जुड़ी होती हैं, जिनमें से कई आपकी टीम के साथियों या क्रिकेट देखने वाली जनता को नहीं दिखतीं। क्योंकि क्रिकेट में पोलिनेशियन समुदाय का प्रतिनिधित्व बेहद कम है, मुझे आश्चर्य नहीं होता था जब लोग मुझे माओरी या भारतीय समझ लेते थे। इसी साल क्रिकेट से रिटायर हुए टेलर अपनी मां की तरफ से समोआ से संबंधित थे। उनका कहना है कि उनके साथ होने वाली नस्लवादी टिप्पणियों को ज्यादातर 'मज़ाक' ही समझा जाता था। उन्होंने कहा, कई मायनों में, ड्रेसिंग रूम मजाक का मापदंड होता है। टीम का एक साथी मुझसे कहता था, 'रॉस, तुम आधे अच्छे आदमी हो, लेकिन कौन सा आधा हिस्सा अच्छा है?

जिम्बाब्वे सीरीज के लिए टीम इंडिया में बड़ा बदलाव

पूरी तरह फिट घोषित किए गए केएल राहुल, शिखर धवन की जगह होंगे कप्तान

जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज शुरू होने से पहले टीम इंडिया में बड़ा बदलाव हुआ है। केएल राहुल फिट घोषित किए गए हैं और अब वही टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। पहले शिखर धवन को इस दौरे के लिए टीम का कप्तान बनाया गया था, लेकिन अब BCCI ने केएल राहुल की वापसी का ऐलान कर दिया है।

इंजरी से परेशान थे राहुल

30 साल के केएल राहुल को पहले चोट लगी। उन्हें ग्रोइन इंजरी के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ी। फिर वह स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के लिए विदेश चले गए। जब लौटे तो फिटनेस टेस्ट से पहले ही उन्हें कोरोना वायरस ने जकड़ लिया। इसी के चलते वह

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज नहीं खेल पाए।

ये होगी नई टीम इंडिया

केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उप-कप्तान), ऋतुराज गायकवाड, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर। राहुल अपना आखिरी मैच IPL के दौरान मई में बेंगलुरु के खिलाफ खेले थे जिसमें उन्होंने 79 रन बनाए थे।

द हंड्रेड के लिए तैयार भारत की तीन स्टार

स्मृति, जेमिमा और दीप्ति अलग-अलग टीमों से खेलती नजर आएंगी

कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाली भारतीय महिला टीम की तीन स्टार दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स और स्मृति मंधाना द हंड्रेड में खेलती नजर आएंगी। इन खिलाड़ियों के पास इंग्लैंड दौरे से पहले द हंड्रेड में खेलकर वहां के माहौल में ढलने और अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने का मौका है। द हंड्रेड टूर्नामेंट च में 11 अगस्त से 3 सितंबर के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 10 सितंबर से शुरू होगा। टीम को इंग्लैंड में 3 टी-20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। दौरे का आखिरी मैच 24 सितंबर को खेला जाएगा। चलिए द हंड्रेड में खेलने

वाले इन तीन खिलाड़ियों के पिछले प्रदर्शनों के बारे में जानते हैं। स्मृति मंधाना लगातार दूसरे सीजन में सदर्न ब्रेव से खेलती नजर आएंगी। उन्होंने पिछले सीजन में 133.60 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए थे। उनकी टीम को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। मंधाना अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत का प्रतिनिधित्व करने की वजह से फाइनल में टीम की हिस्सा नहीं थीं। कॉमनवेल्थ गेम्स में मंधाना का प्रदर्शन शानदार रहा है।

आकृति महिला मंडल का हरियाली तीज महोत्सव

मधु राठिया सावन क्वीन, विनीता ध्रुव हरियाली क्वीन और तीज क्वीन संध्या इंगले चुनी गईं

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर।

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के आवासीय कॉलोनी स्थित सीनियर क्लब में आकृति महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया।

हरियाली तीज महोत्सव में सावन क्वीन मधु राठिया, हरियाली क्वीन विनीता ध्रुव और तीज क्वीन संध्या इंगले चुनी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कल्याणी बिजौरा ने महिला मंडल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए मिलजुल कर कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने कहा कि महिलाओं का कार्यक्रम बहुत ही सुंदर व प्रशंसनीय है।

हरियाली तीज महोत्सव में प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व की अध्यक्षद्वय निवेदिता बंजारा एवं सोनिया बघेल, संकल्प महिला मंडल कोरबा पश्चिम की अध्यक्ष प्रभा कटियार एवं पीजीटीआई कोरबा पूर्व से अनिता श्रीवास्तव, कोरबा पूर्व एवं कोरबा पश्चिम के महिला मंडल के सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। हरियाली तीज महोत्सव में कार्यक्रम की थीम 'डिस्को फ्यूजन' रही। इसमें रीना धुरंधर एवं मधु राठिया द्वारा भगवान श्रीगणेश जी की वंदना नृत्य के साथ की गई। इससे पहले मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की प्रथम महिला श्रीमती कल्याणी बिजौरा द्वारा फीता काटकर हरियाली तीज महोत्सव की औपचारिक शुरूआत की गई। कार्यक्रम में भगवान श्रीगणेश जी की वंदना के साथ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। महोत्सव में आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष शशि कोसरिया द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती बिजौरा को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। महिला मंडल की सचिव दीपा साहा द्वारा अपने उद्बोधन में कार्यक्रम का विवरण देते हुए मुख्य अतिथि का शायराना अंदाज में विशेष स्वागत किया गया। तीज महोत्सव में छत्तीसगढ़ी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, बॉलीवुड फ्यूजन, पंजाबी फ्यूजन, कव्वाली, रैंप वाक एवं गणेश–शिव तांडव आकर्षण के केंद्र रहे। कार्यक्रम में मिसेज रॉयल ग्लोबल क्वीन कांटेस्ट की विजेता सुनीता जांगड़े का मुख्य अतिथि श्रीमती बिजौरा के हाथों सम्मान किया गया। हरियाली तीज महोत्सव में उपाध्यक्ष अर्निका लकरा, नीना तिवारी, कमला सिंह, चारूलता देवांगन, सचिव दीपा साहा, वित्त सचिव पूनम कश्यप का उल्लेखनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव नीतू देवदत्त एवं क्रीड़ा सचिव सुमन ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सहसचिव सुषमा तारेंद्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल के सभी सदस्य एवं कॉलोनी की महिलाओं ने भरपूर सहभागिता निभाई।

एक नजर

धाकड़ पारा में आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा रैली से दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

कोंडागांव। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ प्राथमिक शाला धाकड़ पारा में भी धूमधाम से मनाई जा रही है। कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला धाकड़ पारा के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने हाथों में तिरंगा लिए राष्ट्रभक्ति के जज्बे के साथ हर घर तिरंगा रैली धाकड़ पारा पलारी में निकाली गई। विजय विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा, हर घर तिरंगा हर घर झंडा, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा, भारत माता की जय जैसे गगनभेदी नारों के साथ संस्था की शिक्षिका मधु तिवारी के मार्गदर्शन में तिरंगा रैली निकाल लोगों को अपने घरों में सम्मान तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया ग्रामीण ग्रामीण जन स्व सहायता समूह के सदस्यों पालको महिलाओं को अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा फहराने हेतु प्रोत्साहित किया। रैली से पूर्व स्कूली बच्चों को तिरंगा झंडा की कहानी वह उसके महत्व से बच्चों को परिचित कराया साथ ही तिरंगा के तीनो रंगो के प्रतीक के बारे में विस्तार से बताया ।इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले वीर सैनिकों ।की वीर गाथा पर भी प्रकाश डाला गया ।आजादी के अमृत महोत्सव के तिरंगा रैली कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक दिनेश देवांगन का भरपूर सहयोग रहा।

भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ ने ग्रामीणों के बीच किया तिरंगा झण्डे का वितरण

जगदलपुर । आज भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ बस्तर ने आड़ावाल में ग्रामीणों के मध्य तिरंगा झंडे का वितरण किया। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश प्रभारी विपिन मालवीय ने बताया कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर हम सबको अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान भारत की आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ बस्तर के द्वारा ग्राम आड़ावाल में ग्रामीणों के मध्य तिरंगा झंडा वितरण कर सभी से अपने घर पर तिरंगा फहराने आग्रह किया गया है।

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय संगीतोत्सव समारोह

भिलाई । सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय संगीतोत्सव समारोह दिनांक 14 एवं 15 अगस्त 2022 को महात्मा गाँधी कला मंदिर मे शास्त्रीय संगीत एवं शास्त्रीय नृत्य सहित देशभक्ति फिल्मी गीतों पर नृत्य के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ये दो दिवसीय कार्यक्रम संध्या 7.30 बजे से आयोजित किया जायेगा।

दिनांक 14 अगस्त को देश विभाजन के त्रासदी की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया जाएगा। दो दिवसीय संगीतोत्सव में पहले दिन राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न समें से सम्मानित उज्जैन की संस्कृति वाहने व प्रकृति वाहने बहनों द्वारा सितार एवं संतूर पर जुगलबंदी प्रस्तुत की जायेगी। साथ ही अगले क्रम में खैरागढ़ के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायक डॉ प्रभाकर कश्यप व दिवाकर कश्यप बंधुओं का गायन होगा। शास्त्रीय संगीत पर केंद्रित ये एक अभिनव आयोजन है जिसमे देश के नामचीन कलाकार एक साथ अपनी विविध प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की कुल अवधि दो घंटे की होगी।

विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के 19 युवाओं को मिली नौकरी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया नियुक्ति आदेश

कांकेर । चारामा में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस एवं सामाजिक समरसता सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर जिले में नरहरपुर तहसील के विभिन्न ग्रामों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के 19 युवाओं को सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चतुर्थ वर्ग में शासकीय सेवा के लिए नियुक्ति आदेश प्रदान किया। शासकीय नौकरी मिलने पर कमार जनजाति के युवा ग्राम भैंसमुण्डी के अनुद कुमार, ग्राम मावलीपारा के देवव्रत, ग्राम भीमाडीह के संजय कुमार सहित सभी युवाओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज ग्राम भैंसमुण्डी निवासी अनुद कुमार एवं संत कुमार, ग्राम मावलीपारा के देवव्रत, अर्जुन कुमार, करन कुमार, पुनीत राम, शैलेन्द्र कुमार, कुमारी गंगाबती, श्रीमती नगेश्वरी एवं दिनालाल, ग्राम दलदली के सत्ते सिंह, सन्तुराम, फत्तेसिंह, भीमाडीह के संजय कुमार, चमरूराम मण्डावी, कुमारी कौशिल्या, गंवरसिल्ली के देवराम, ग्राम मुसुरपुट्टा के प्रेमलाल, नयापारा दुधावा के जंगलूराम को आदिवासी विकास विभाग में सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चतुर्थ वर्ग में शासकीय सेवा के लिए नियुक्ति आदेश प्रदान किया गया।

माँ दंतेश्वरी मंदिर में जन्माष्टमी पर्व को लेकर बैठक सम्पन्न

फरसगांव। बस्तर की पुरातत्त्व काल की राजधानी व आध्यात्म नगरी ग्राम बड़ेडोंगर में मां दन्तेश्वरी ज्योति कलश स्थापना समिति की बैठक का आयोजन किया गया, 19 अगस्त शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु चर्चा की गई कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दिन बड़ेडोंगर में भव्य मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचते हैं व बस्तर की आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी का दर्शन कर मंदिर के पहाड़ों में अनेक दर्शनीय स्थलों का दर्शन करते हैं इस वर्ष इस पर्व को सफल बनाने हेतु समस्त ग्रामवासी व क्षेत्र वासियों के सहयोग से आयोजन को सफल बनाया जाता है पर्व को शान्ति रूप से मनाने बड़ेडोंगर उपतहसील तहसीलदार श्याम के द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिया गया साथ ही बड़ेडोंगर थाना प्रभारी ओमकार दीवान द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने व सभी कार्यक्रम को सफलता पूर्वक मनाने पर जोर दिया गया।

सरोज के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान पर निकला पदयात्रा

दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आजादी के 75 वी वर्षगांठ के अवसर पर अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया है इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय एवं प्रदेश इकाई के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम आयोजन करने का आह्वान किया है। इसी कड़ी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत दुर्ग शहर विधानसभा के कसारीडीह बोरसी मंडल के सिविल लाइन में स्थित साईं मंदिर से तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया

आयोजन में प्रमुख रूप से राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय,लोकसभा सांसद विजय बघेल,भाजपा प्रदेश मंत्री उषा टावरी,भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर,जिला महामंत्री ललित चंद्राकर,वरिष्ठ भाजपा नेता शिव चंद्राकर,बोरसी मंडल भाजपा अध्यक्ष सतीश समर्थ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे आयोजित पदयात्रा के दौरान आप जनमानस को तिरंगा का भी वितरण किया गया सर्वविदित है कि भारतीय जनता पार्टी आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन कर रही है इसी कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधानसभा में आने वाले चारों मंडलों में पदयात्रा का आयोजन किया गया आज अंतिम दिन बोरसी मंडल से पदयात्रा का आयोजन किया गया तथा लगातार आप जनमानस को दुकानदारों को तिरंगा का भी वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के आहवान पर आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हम सभी को तिरंगा को अपने घरों पर लगाना चाहिए साथ ही साथ पूरा हिंदुस्तान तिरंगामय लगे इसका भी प्रयास हम सभी को मिलकर करना चाहिए।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी का अंतिम रिहर्सल

जिला पंचायत सीईओ, एसपी और अपर कलेक्टर ने अंतिम रिहर्सल का जायजा लिया

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुर।

जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण मनाने के लिए आज अंतिम रिहर्सल किया गया जशपुर जिले में संसदीय सचिव और कुनकुरी विधायक यू डी मिंज मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे आज अंतिम रिहर्सल में पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एसडीएम बालेश्वर राम और जिला स्तरीय अधिकारी और पुलिस विभाग के

अधिकारीगण उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका आईएल ठाकुर ने निभाया कार्यक्रम सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने बेंड में देशभक्ति की धुन के साथ सुन्दर और आकर्षक प्रस्तुति दी गई जिसकी सभी अधिकारियों ने सराहना की और स्कूली बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया है पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर ने स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी और नगरीय निकाय के अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था व निमंत्रण पत्रए साउण्डए पानीए बिजली, साफ सफ ाई, गाड़ी पार्किंग, प्रवेश द्वार, परेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। मुख्य अतिथि द्वारा संदेश का वाचन किया जाएगा साथ ही कोरोना वरियर्स, डॉक्टरों, पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

कलेक्टर एसपी की उपस्थिति में किया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर।

कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल 15 अगस्त को स्थानीय हाई स्कूल मैदान में स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गीत पर आधारित धुन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों का सम्मान, पुरस्कार वितरण के पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया। उन्होंने

व्हीआईपी गणमान्य, नागरिकों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आम लोगों की बैठक की व्यवस्था, आम जनों के प्रवेश–निकास की व्यवस्था आदि का सघन निरीक्षण किया और स्वतंत्रता दिवस समारोह के सभी कार्यक्रमों के गरिमामय आयोजन के मद्देनजर अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था के संबंध में दिशा–निर्देश दिए।

कोविड प्रोटोकॉल पालन के निर्देश

कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल में प्रवेश द्वार पर सैनिटाइजर की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगंतुकों से अनुरोध कर कहा है कि वह कार्यक्रम स्थल पर मास्क पहनकर आएं और 2 गज की दूरी बनाए रखें। कलेक्टर ने समारोह स्थल के सभी पॉइंट पर कोविड–19, प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

आजादी के अमृत महोत्सव पर आकर्षक तिरंगा यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़–पत्थलगांव।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव के विद्यालय परिसर से आकर्षक तिरंगा यात्रा सुसज्जित झांकी के साथ निकाला गया। तिरंगा यात्रा में विद्यालय के बच्चे, समस्त आचार्य परिवार, नगर के गण मान्य नागरिक , विद्यालय समिति के सम्मानिय पदाधिकारी अध्यक्ष मुरारी लाल अग्रवाल जिला संघ चालक कांसाबेल , रामनिवास जिंदल उपाध्यक्ष, हरनाम सिंह भाटिया कोषाध्यक्ष, शंकर लाल अग्रवाल सामानिय सदस्य, गण मान्य नागरिक मदन लाल अग्रवाल की उपस्थिति में योजनाबद्ध कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।आजादी का अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा के धुन के गीतों से नगर गूंज उठा। नगरवासियों ने कार्यक्रम की भूरी प्रशंसा की। घोष दल के साथ भव्य

तिरंगा यात्रा निकाला गया। वाहन को सुशोभित सजाया गया था। जिसमें बच्चे भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, चन्द्र शेखर आजाद, भगत सिंह, महात्मा गांधी के वेश भूषा में बच्चे वाहन में मौजूद थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक छात्र , छात्राए , कार्यक्रम अधिकारी टकेश्वर यादव की व्यवस्था में भागीदारी रही। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार पाढ़ी के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। समिति के समस्त पधाधिकारीयो ने कार्यक्रम की उचित व्यवस्था की प्रशंसा की। सामानीय व्यवस्थापक राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने प्रशंसा करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ने जो हर घर तिरंगा यात्रा का संदेश दिया है। लोगों के मन में आजादी का अमृत महोत्सव की जो प्रेरणा दी गई है। वास्तव में अनुकरणीय है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य पाढ़ी जी ने समस्त आचार्य परिवार को, पुलिस प्रशासन को धन्याद दिया।

अनाथ, विधवा, निराश्रित महिलाओं का सहारा बना सखी वन स्टाप सेंटर

एक ही छत के नीचे हर समय पीड़ितों को मिलत सहायता-डीपीओ जाटवर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

दो सहेलियों को परिचित व्यक्ति द्वारा घरेलू कार्य दिलाने का आश्वासन देकर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान ले जाकर बेच दिया गया। सुमन उनके चंगुल से जैसे-तैसे बचकर सखी सेंटर रायगढ़ आई। उसने अपने और सहेलियां के साथ हुए घटनाक्रम को बताया जिस पर तत्काल संबंधित थाने में सूचना देकर हरियाणा वन स्टॉप सेंटर के सहयोग से पीड़िताओं को वापस लाया गया। ऐसी कई महिलाओं, बच्चों और बेसहाराओं का मददगार है सखी सेंटर। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर बताते हैं। सखी वन स्टाप सेंटर अनाथ, विधवा, निराश्रित महिलाओं को सहारा प्रदान करता है। जिलास्तर पर पीड़िताओं को लाभ दिलाने के लिए सरकार द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर खोले गए हैं। जिनकी देखरेख, संचालन महिला और बाल विकास विभाग की मदद से की जाती है। वन स्टॉप सेंटर योजना भारत सरकार ने एक अप्रैल 2015 को हिंसा प्रभावित महिलाओं का समर्थन करने के लिए लागू की थी। यह योजना मूल रूप से सखी के नाम से जानी जाती है। रायगढ़ में इसे 10 मार्च 2017 को शुरू किया गया था। महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही छत के नीचे दिवस 24/7 कार्य करते हुये विभिन्न प्रकार की सहायता, परामर्श सहायता, पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, विधिक सहायता व अल्पकालीन आश्रय उपलब्ध करवाई जाती है।

महिला संरक्षण अधिकारी चैताली राय कहती है

समाज में आज भी कई ऐसी बालिकाएं और महिलाएं हैंए जो किसी न किसी रूप में अपराध का शिकार बनती हैं। अगर उन्हें किसी मदद की जरूरत पड़ती है तो उनकी मदद करने वाला कोई नहीं मिलता। ऐसी महिलाओं, युवतियों और बालिकाओं को श्वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से मदद मुहैया कराई जाएगी। जिसमें वह जाकर अपने साथ हुई घटना का जिक्र कर सकेंगी और इसी सेंटर में पीड़िताओं को हर तरह की सलाह दी जाती है।

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार साल 2017 से वर्तमान तक सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ महिला एवं बाल विकास में कुल 1,345 प्रकरण प्राप्त हो चुके है जिसमें 1,308 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है और 37 प्रकरण लंबति हैं। जिसमें घरेलू हिंसा के 585 प्रकरण प्राप्त हुए हैं जिसमें से 558 प्रकरणों का निराकरण हो चुका है व इनमें से 47 प्रकरणों में महिला संरक्षण अधिकारी द्वारा घरेलू हिंसा फाईल किया जा चुका है व 25 प्रकरणों में जिला विधिक प्राधिकरण के माध्यम से भरण पोषण प्रदान करने में सहायता उपलब्ध कराई गयी है। 486 प्रकरणों में आपसी सहमति से दोनों पक्षों का निराकरण किया गया है। इसी तरह भटकती अवस्था के वर्तमान तक 110 प्रकरण प्राप्त हुए है जिसमें सभी का निराकरण हो चुका है व कई पीड़िताओं को उनके गृह ग्राम की पतासाजी कर पंजाब, महाराष्ट्रए झारखंड, आंध्र प्रदेश, भेजा जा चुका है। इसी तहर 410 महिलाओं और 114 बच्चों को आश्रय सुविधा उपलब्ध कराया गया जिसमें से स्थाई आश्रय हेतु 13 प्रकरणों को नारी निकेतन व 3 प्रकरणों को स्वधार गृह भेजा गया। सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा 109 पीड़िताओं को पुलिस सहायता उपलब्ध कराया गया है जिसमें से 21 प्रकरणों में एफ आईआर दर्ज कराने में सहायता उपलब्ध कराया गया।

समय पर मिल रहा न्याय

4 साल से एक युवक के साथ प्रेम संबध था। युवक द्वारा उसको शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया गया। पुष्पा ने विवाह करने को कहा तो युवक ने विवाह करने से इंकार कर दिया और पीड़िता के घर आकर उसके परिजनों से गाली गलौज करने लगा। तत्पश्चात उस युवक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही हेतु वह थाना गई थी, परंतु प्राथमिकी दर्ज नही होने पर वह सखी सेंटर रायगढ़ की सहायता से थाने जाकर युवक के खिलाफ धारा 376 दर्ज करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी तरह महिला हेल्प लाईन 181 की सूचना के आधार पर 112 वाहन द्वारा सखी सेंटर रायगढ़ लाया गया। वह मराठी भाषा में बात कर रही थी, जिस कारण से मराठी भाषा के जानकार व्यक्ति के सहयोग से समस्त जानकारी ली गई व संबंधित थाने से संपर्क कर परिजनों का पता किया गया। परिजनों ने बताया कि वह पिछले 6 वर्षों से लापता थी। काफी प्रयासों के बाद पीड़िता के परिजनों की जानकारी मिली व परिजन को सखी सेंटर रायगढ़ से समझाईश देते हुये सुपुर्द किया गया।

हर स्तर पर हो रही मदद

थाने से आश्रय हेतु सखी सेंटर रायगढ़ लाया गया उसके माता का देहांत हो चुका था व पिता शराब का सेवन कर उससे मारपीट करता था। इससे आजिज आकर वह काम की तलाश में रायगढ़ आई। फिर एक अज्ञात महिला ने उसे 4 व्यक्तियों के हाथों बेच दिया। इन 4 व्यक्तियों द्वारा पीड़िता से शरीरिक संबंध बनाया जाता था। वे उसे हरियाणा ले जा रहे थे तभी मौका देखकर वह रास्ते में रायपुर से बच निकली। फिर पुलिस की सहायता से उमा को सीडब्लूसी लाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में वह गर्भवती मिली। सखी सेंटर की सहायता से आरोपियों के खिलाफ, फआईआर दर्ज कराई गई। महिला संरक्षण अधिकारी द्वारा पीड़िता को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की प्रक्रिया की शुरूआत की गई। उसके रहने की व्यवस्था न होने पर नारी निकेतन भेजा गया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा क्षतिपूर्ति राशि दिलवाया गया।

एक नजर

वर्षा एवं बाढ़ की सम्भावित स्तिथि को देखते हुए नागरिकों से सुरक्षित रहने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने जिले में हो रही लगातार वर्षा एवं बाढ़ की सम्भावित स्तिथि को देखते हुए नागरिकों से सुरक्षित रहने की अपील की। बाढ़ और अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी, जिसका हेल्पलाइन नम्बर - 07817-222032 है। साथ ही कलेक्टर श्री सिन्हा ने नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने और किसी भी स्थिति से निपटने तैयार रहने निर्देश दिए है।

नगर स्तरीय शालेय राष्ट्रभक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा में नगर स्तरीय शालेय राष्टभक्ति गीत प्रतियोगिता स्वन्त्रता के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें अकलतरा नगर के राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा, महाबीर बाल संस्कार केंद्र अकलतरा, स्वामी आत्मानंद उ मा शाला अकलतरा, सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता बाल, किशोर,तरुण वर्ग के छात्रों की पृथक पृथक हुई। प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त किये छात्रों को पुरूस्कृत किया गया ।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह रणजीता स्टेडियम जशपुर में संसदीय सचिव यूएडी मिंज करेंगे ध्वजारोहण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिला मुख्यालय जशपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन रणजीता स्टेडियम, जशपुर में छ.ग. शासन संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यूडी मिंज के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, सलामी, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, शहीद परिवार का सम्मान तथा उत्कृष्ट कार्य करने वालो अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान किया जाएगा। समारोह के दौरान कोविड़-19 के संक्रमण से बचाव हेतु मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

जिले के 15 गौठान होंगे हब के रूप में विकसित, मुख्यमंत्री ने किया डीपीआर का विमोचन

कांकेर । जिले के 15 गौठानों को हब के रूप में विकसित किया जायेगा। इन गौठानों में लोगों की मांग एवं उपलब्धता के आधार पर गतिविधियां संचालित की जायेगी तथा उस अंचल के अन्य गौठानों को इन गौठानों से सम्बद्ध किया जायेगा। हब के रूप में विकसित होने वाले गौठानों को शुरूआत में आर्थिक मदद दी जायेगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और उसके बाद स्वयं अपने गतिविधियों का संचालन कर सकें। ग्रामीणों की आजीविका एवं आय में वृद्धि के लिए जिले में गौठानों के लिए कलस्टर आधारित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया गया है, जिसका विमोचन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा आज चारामा में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस एवं सामाजिक समरसता के अवसर पर किया गया।

जिले में विशेष महाअभियान चलाकर लोगों को लगाया जा रहा बूस्टर डोज

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में कोविड से बचाव के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को विशेष अभियान चलाकर नि:शुल्क बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विगत 15 जुलाई से आगामी 75 दिनों अर्थात 30 सितम्बर 2022 तक सभी पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क टीकाकरण का प्रावधान है। जिले के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों वनांचलों के बसाहटों, पारा, मोहल्ला, टोला में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में कोविड टीकाकरण हेतु आज महाभियान का आयोजन किया गया। जिकसे अंतर्गत् फरसाबहार विकासखण्ड के माटीपहाड़, खुटगांव, कोल्हेनझरिया, कुनकुरी विकासखण्ड के बनकोम्बो, सलियाटोली, मनोरा विकासखण्ड के कांटाबेल, घाघरा, सीकरी, सोगड़ा, खम्हली, खरसोता, बेंजोरा, राजाडीपा, हर्राडीपा, कांसाबेल विकासखण्ड के बटईकेला, चिडोरा, बैंगाअम्बा, दोकड़ा, खुटेरा, दुलदुला विकासखण्ड के पतराटोली, बिपतपुर, लोरो, बासुदेवपुर, कस्तुरा और पत्थलगांव विकासखण्ड के कोतबा, लुड़ेग के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में स्वास्थ्य टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर टीका लगाया गया है। साथ ही स्कूल, आश्रम छात्रावास, बैंक, बाजार हाट जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी स्वास्थ्य टीम द्वारा लोगों को टीका लगाया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत में 5102 प्रकरणों का हुआ निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों कें पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किये गये हैं। नेशनल लोक अदालत, जो वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़, तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया सहित राजस्व न्यायालयों में आयोजित किया गया।

रायगढ जिला में लोक अदालत का कार्य यद्यपि, भारी बारिश से प्रभावित रहा, किन्तु फिर भी जिला मुख्यालय सहित तहसील स्थित सिविल न्यायालयों में गठित कुल 19 खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 1948 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 13488 को लोक अदालत में रखा गया, जिसमें से लंबित 1294 एवं प्रीलिटिगेशन 3808 प्रकरण निराकृत हुये तथा राजस्व न्यायालयों में गठित 30 खण्डपीठों में कुल 1997 राजस्व संबंधी प्रीलिटिगेशन के प्रकरण निराकृत किये गये । इस प्रकार इस नेशनल लोक अदालत में कुल 5102 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 4 करोड़ 13 लाख 62 हजार 812 रूपये का सेटलमेंट हुआ।

कांकेर में जिला स्तरीय एथलेटिक्स का हुआ आयोजन

कांकेर । जिला एथलेटिक्स संघ कांकेर के तत्वाधान में ओलम्पिक गोल्ड मेडलिस नीरज चोपड़ा के जन्मदिवस पर जिला स्तरीय एथलेटिक्स एवं भाला फेंक का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि हेमन्त ध्रुव अध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमनारायण गजबल्ला उपाध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में 14 वर्ष, 18 वर्ष, 20 वर्ष, 23 वर्ष व सीनीयर आयु वर्ग के जिले भर से लगभग 300 बालक/बालिकाओं ने हिस्सा लिये। जिला पंचायत अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव द्वारा नीरज चौपड़ा के जन्म दिवस पर केक काटकर प्रतियोगिता प्रारम्भ किया गया। अपने उद्बोधन में ध्रुव ने कहा यह ग्रामीण प्रतिभा को अवसर प्रदान करने हेतु बहुत ही सुंदर आयोजन है। जिला संघ कांकेर की तारीफ करते हुए कहा कि संघ को बहुत-बहुत बधाई, जो हमारे जिले के छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान कर राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दिशा प्रदान कर रहा है, और साथ ही सभी प्रतियोगियों को आशिर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि आप कांकेर जिले की आन बान शान हो आप लोगों के द्वारा कांकेर छत्तीसगढ़ एवं भारत का नाम रोशन होगा। हेमन्त कुमार ध्रव अध्यक्ष जिला पंचायत व हेमनारायण गजबल्ला उपाध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए पूर्ण ऊर्जा के साथ भाला फेंक कर भाला फेंक की प्रतियोगिता का उद्घाटन किया किया तथा खिलाड़ियों के जोश और उत्साह की तारीफ करते हुए कहा कि हमारे जिले में भी नीरज चोपड़ा की कमी नहीं है, जरूरत है उस प्रतिभा को निखारने की, जिसे जिला एथटिक्स संघ कांकेर बखूबी निभा रही है।

राष्ट्रध्वज फहराकर हमर तिरंगा अभियान के सहभागी बने जिलेवासी

कार्यालयों, घरों, प्रतिष्ठानों में शान से लहराया तिरंगा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में आयोजित स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत आज जिलेवासियों ने इस अभियान में सहभागी बन देशप्रेम की भावना के साथ अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराया।

हमर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक जिलेवासी सम्मानपूर्वक अपने-अपने घरों में तिरंगे फहरा रहे हैं। सभी शासकीय कार्यालयों, भवनों, शैक्षणिक संस्थाओं, सहकारी समितियों, पीडीएस दुकानों, पंचायत भवनों में में तिरंगे फहराए गए। वहीं प्रतिष्ठानों, दुकानों और अपने आवासों में भी आमजनों ने तिरंगे फहराए। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने अपने निवास तिरंगा फहराया। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त 2022 को आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हमर तिरंगा अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर घर में तिरंगा फहराया जा रहा है और पूरे जिले में जिले वासियों द्वारा सक्रिय सहभागिता दर्शाते हुए विविध कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।

मिनी स्टेडियम में हुआ स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

कलेक्टर रानू साहू व पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल मिनी स्टेडियम में सुबह 8.30 बजे प्रारंभ हुआ।

कलेक्टर रानू साहू एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा मंच पर पहुंचे। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इसके पश्चात परेड निरीक्षण किया गया। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी मंच पर उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात सलामी, राष्ट्रगान व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में 6वीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना व एनसीसी कैडेट की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर रानू साहू व पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर साहू ने मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, पेयजल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के अनुसार सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक महेश्वर नाग, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल करेंगे ध्वजारोहण

15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उच्च शिक्षामंत्री श्री उमेश पटेल मुख्य अतिथि होंगे तथा जिला कार्यालय ग्राउण्ड (मिनी स्टेडियम) रायगढ़ में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये जायेंगे।

लगातार बारिश से राजकोट व ढोढ़ागांव के बिच स्थित पुल के ऊपर बहती पानी लोगों के लिए बनी परेशानी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आ रहा है धरमजयगढ़ क्षेत्र के ढोढ़ागांव कुरकुट नाला में लगातार बारिश से पानी पुल के ऊपर से बहने लगी है। जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

यूं कहें तो शायद अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बहती पानी के बीच मजबूरन लोग जान हथेली में रख कर आवागमन करने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ क्षेत्र के ढोढ़ागांव के राजकोट मार्ग में बना पुल फिलहाल आवागमन करने वालों के लिए जान के दुश्मन से कम नहीं है पुल के ऊपर से बह रहे पानी में आवाजाही करने को ग्रामीण मजबूर हैं यहां याद दिला दे। ये वही पुल है जो सालों पहले एक ग्रामीण को निगल चुका है। ग्रामीण की पानी में बहकर दर्दनाक मौत हो गई थी। बावजूद स्थानीय प्रशासन पुल को लेकर संजीदा नहीं है बारिश से निपटने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है बताया जा रहा है माप दंड के अनुरूप पुल का निर्माण कार्य नहीं कराया गया नतीजतन पुल ग्रामीणों के लिए भयंकर परेशानी का सबब बन गया है पानी से भरे पुल में लोग मजबूरन जान जोखिम डालकर आवाजाही कर रहे हैं। पुल की जो तस्वीर सामने आ रही है वह ढोढ़ागांव राजकोट की है जहां के ग्रामीण लाचार होकर जान हथेली में लेकर पुल पार कर आने जाने को मजबूर हैं। भारी बारिश के बीच पुल के ऊपर से पानी बह रहा है लिहाजा ग्रामवासी उसी पुल के ऊपर से पैदल व वाहन से आवाजाही कर रहे हैं जो भयंकर खतरे से कम नहीं है यह हालात स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता को साफ कर रहा है बहरहल मजबूरी के बीच ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पुल पार कर आवागमन कर रहे हैं।

नगर के एक निजी हॉस्पिटल के सामने से हुई बाईक की चोरी,थाने में शिकायत दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ नगर के एक निजी हॉस्पिटल के सामने से अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी करने की वारदात सामने आई है सूचना पर धरमजयगढ पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे आगे की जांच कार्यवाई में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार घरघोड़ा के चोटी गुड़ा निवासी प्रार्थी मकरध्वज साहू ने पुलिस को दिए शिकायत में बताया है कि वह धरमजयगढ़ के आरोग्य हॉस्पिटल आया था। जहां उसने अपनी एच एफ डिलक्स कंपनी की बाइक जिसका वाहन क्रमांक सीजी 13 ए एल 5401 को अस्पताल के बाहर खड़ी कर अंदर किसी काम से गया था। कुछ समय बाद जब वह बाहर निकला तो देखा कि उसकी बाइक नदारद है। जिसके बाद आसपास काफी ढूंढने के बाद भी गाड़ी का पता नहीं चला। तब प्रार्थी ने इस आशय की जानकारी धरमजयगढ़ थाने में दी। बहरहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

महानदी का जल स्तर बढ़कर नदी से जुड़े नाले उफान पर, चन्द्रपुर से बरमकेला आवागमन बाधित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

लगातार बारिश होने की वजह से महानदी का जल स्तर बढ़कर नदी से जुड़े नाले उफान पर हैं। चंद्रपुर बरमकेला मार्ग के बीच लात नाले के ऊपर से पानी के बहने के कारण सड़क पर अवागमन बाधित हो गया। भारी बारिश होने की वजह से महानदी का जल स्तर बढ़ते ही क्षेत्र के नालों के ऊपर से पानी बहने लगा है। चंद्रपुर बरमकेला को जोड़ने वाला लात नाला भी भर गया है और उसके उपर से पानी बह रहा है। नाले के ऊपर से पानी बहने के कारण सड़क परिवहन व्यवस्था पूरे दिन बाधित रही। उफनते नाले को देखने लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। प्रशासन ने महानदी का जलस्तर बढ़ने के बाद नदी से सटे अधिक गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अफसर नदी के जल स्तर बढ़ने के कारण पूरे दिन आसपास के इलाकों में गश्त जारी है। तथा वहीं रात्रि कालीन बारिश होने से बाढ़ आने की स्थिति प्रतित हो रही हैं।

आजादी का अमृत महोत्सव घर घर तिरंगा अभियान में भाजपा कार्यकर्ता पहुंच रहे गांव-गांव

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

देश भर में आजादी के 75 वें वर्ष के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें घर घर तिरंगा फहराने का अभियान चलाया जा रहा है। शासन प्रशासन अपने स्तर पर यह कार्य कर रही है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। मतदान केंद्रों तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें मतदान केंद्र का पालक उस क्षेत्र में जाकर इस अभियान के लिए प्रचार प्रसार कर रहा है। वहीं जगह जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। भाजपा मंडल धरमजयगढ़ के प्रमुख कार्यकर्ता भी अपने प्रभार क्षेत्रों में जाकर झंडा फहरा रहे हैं। गांव गांव में कार्यकर्ताओंए बच्चों के साथ छोटी छोटी रैली निकाल रहे हैं। इस अभियान से गांवों में देशभक्ति की भावना जागृत हो रही है।

एक नजर

अंर्तराष्ट्रीय युवा दिवस पर हुए रचनात्मक कार्यक्रम

रासेयो-महिला व संयुक्त इकाई-दशरंगपुर ने किया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-दुर्ग।

12 अगस्त 2022 को अंर्तराष्ट्रीय युवा दिवसके अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-दशरंगपुर की महिला इकाई व संयुक्त इकाई द्वारा आज के परिप्रेक्ष्य में युवा विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। नशे की जकड़न में युवा पर नुक्कड नाटक का मंचन किया गया, जिसमें नशा के अभिशाप बताते हुए,नशा ना करने का संदेश दिया गया। सांस्कृतिक रंग में रंगे, स्वयंसेवकों ने शानदार सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य रवेन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा युवाओं में वह क्षमता है,जो असम्भव से असम्भव कार्य को भी सम्भव बना देती है। आटो ट्रेड व्यावसायिक शिक्षक वैभव श्रीवास ने कहा कि नैतिक मूल्यों के अभाव में आज हमारे युवाओं में देशप्रेम की भावना तथा नेतृत्व का अभाव होता जा रहा है, इसलिए भारत का कल्याण सिर्फ मूल्य आधारित शिक्षा से ही सम्भव है। संयुक्त इकाई के कार्यक्रम अधिकारी हेमधर साहू ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के कथनानुसार चलने प्रेरित किया। उठो,जागो,और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाये, रासेयो महिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश नंदिनी ने युवाओं को राष्ट्र व समाज के उत्थान के लिये कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष महेश केशरी तथा पूर्व एस.एम.डी.सी. अध्यक्ष नरेश केशरी का विशेष योगदान रहा।

आज निकलेगी धरमजयगढ़ में तिरंगा यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

आजादी का अमृत महोत्सव मनाने लोगों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। सभी तरफ तिरंगा फहर रहा है। शासकीय कार्यालयों, निजी संस्थानों में भी तिरंगा फहराया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर घर तिरंगा फहराने का अभियान चल रहा है। वहीं बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। धरमजयगढ़ नगरवासियों द्वारा भी आज दोपहर 2 बजे से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। सभी को 2 बजे बस स्टैंड पहुंचने की अपील की गई है। जहां से तिरंगे के साथ बाइक रैली निकलेगी। नगर भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान में सम्पन्न होगी। बता दें कि डीजे साउंड में देशभक्ति धुनों के साथ यह बाइक रैली निकलेगी इस बाइक रैली में सभी को समय पूर्व, बाइक लेकर पहुंचने की अपील की गई है।

हर्षोल्लास के साथ देश मना रहा अमृत महोत्सव, हर घर तिंरगा लगाने की अपील - केदार कश्यप

जगदलपुर/भानपुरी । आजादी का 75वें अमृत महोत्सव पुरा भारत देश हर्षोल्लास के साथ बना रहा हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान से भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया हैं और आज भाजपा मंडल भानपुरी ने पूर्व मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में देश भक्ति गीतों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा मुख्य मार्गों से निकालकर क्षेत्रवासियो को प्रेरित किया एवम् हर घर तिरंगा फहराने की अपील किया।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं विश्राम गृह के कर्मचारियों को तिरंगा वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान में आज से जिला भाजपा ने भी कार्यकर्ताओ एवं आमजनों को हर घर तिरंगा के नारे के साथ तिरंगा वितरण का कार्य आरंभ किया और सभी से आज और कल के दिन अपने-अपने निवास स्थान में तिरंगा झंडा लगाने का आव्हान जिला भाजपा ने किया। आज रायगढ़ जिले में एक निजी कार्यक्रम में आए राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने स्थानीय विश्राम गृह में वरिष्ठ नेताओं की मौजदूगी में युवा मोर्चा के कार्यक्रता एवम विश्राम गृह में कार्यरत कर्मचारियों को भी झंडा वितरित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरुपाल सिंह भल्ला, जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, मंत्री विलिस गुप्ता, भाजपा आईटी सेल एवं सोशल मीडिया सेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आलोक सिंह, पवन शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास केडिया, ज्ञानू गौतम, श्याम भोजवानी, सौरभ अग्रवाल, शशि भूषण चौहान, अंकित मिश्रा, मितेश शर्मा, एस अग्रवाल, सतनाम सिंह मौजूद रहे।

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के रायपुर प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत- मनीष अग्रवाल भाजपा नेता

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बिलासपुर लोकसभा सांसद अरुण साव के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत आज 13 अगस्त शनिवार दोपहर 1.30 बजे रायपुर विवेकानंद विमानतल में छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे जोश खरोश के साथ भव्य स्वागत सत्कार नंदन वंदन अभिनंदन किया गया स्वागत समारोह में मोटरसाइकिल रैली गाड़ियों का काफिला विशेष कर्मा कृत्य पंथी नृत्य रावत नाच के साथ.साथ धुमाल की धुन में तिरंगे के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने अपने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया बिलासपुर नगर से भी बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी के साथ-साथ तखतपुर मुंगेली लोरमी कोटा मस्तूरी पेंड्रा गौरेला बेलतरा इन सभी क्षेत्रों से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रायपुर पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत समारोह में शामिल हुए रायपुर एयरपोर्ट से रैली की शक्ल में भारतीय जनता पार्टी एकात्म परिसर कार्यालय तक भव्य शोभायात्रा के रूप में जगह जगह स्वागत प्रदेश अध्यक्ष का किया गया पूरा शहर रायपुर प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता युवा मोर्चा महिला मोर्चा समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के बंधु पूरे जोश खरोश के साथ मिशन 2023 के लिए नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में शामिल हुए।

हर विद्यालय उत्कृष्ट विद्यालय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजनानुसार शैक्षणिक गतिविधियों एवं भैया बहनो के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से तीन वर्षो की एक कार्ययोजना बना कर छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रत्येक विद्यालय को हर विद्यालय उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत कार्यशाला लगाकर आचार्यों को दक्ष किया जा रहा है इसी कड़ी मे सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुर मे आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि एवं बिलासपुर विभाग समंन्वयक आदरणीय गेंदराम राजपूत जी के मुख्य आतिथ्य एविद्यालय के व्यवस्थापक डॉण्सुनील जायसवाल की अध्यक्षता एवं सहव्यवस्थापक सुरेश सोनी के विशेष आतिथ्य मे संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विद्यालय के व्यवस्थापक डांण्सुनील जायसवाल ने कहा की सीखने की कोई उमर नही होती ऐसे मे यदि हम शिक्षक है तब तो प्रत्येक दिन सीखना अति आवश्यक हो जाता है। उद्घाटन सत्र के बाद कार्यशाला के प्रथम सत्र मे परिक्षा परिणाम एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास विषय पर विभाग समंन्वयक राजपूत जी ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की परिक्षा परिणाम एवं इनमे सुधार के लिए समीक्षात्मक कार्ययोजना बनाकर भैया बहनो को अध्ययन कराया जाय तो निश्चित रूप से परीक्षा परिणाम बेहतर आयेंगे।आधारभूत विषयों की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा की बच्चों को खेलकूदएशारीरीक शिक्षाए योगशिक्षाएसंगीत शिक्षाएआदि के उपयोग से उनके नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास को उपयोगी बना सकते है।चार सत्रो मे आयोजित इस कार्यशाला मे बच्चों के विकास के लिए विभिन्न विषयो मे सूक्ष्मता पूर्वक विश्लेषण कर कार्ययोजना बनाना एवं प्रत्येक बच्चों तक शिक्षक पहुंच सके इस पर विषेश ध्यान देना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है सर्वे भवंतु सुखीन के समवेत गायन से कार्यशाला का समापन हुआ। आभार प्रदर्शन प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव ने किया।मंचसचालन वरिष्ठ आचार्य योगेश गुप्ता ने किया।इस कार्यशाला में तृप्ति बघेलएश्याम सुंदर तिवारी, मणि फांसेएकीर्ति कहरा, वर्षा श्रीवास्तव, सीता पोर्ते, आकांक्षा कहरा, दामिनी श्रीवास, प्रिया श्यामले, तुषार गुप्ता, सूर्यकांत यदु, सूर्यकांत निर्मलकर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी में 75वाँ स्वतंत्रता दिवस के पूर्व आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में 75 वां स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 13 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षिक-शिक्षिकाओं, अभिभावकगणों, अतिथिगणों व प्रबंध समिति के समस्त सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंटकर व बैच लगा कर अभिवादन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अभिभावक दिलीप प्रजापति सविता प्रजापति एवं शाला निदेशक आलोक अग्रवाल, विद्यालय के डायरेक्टर बबिता धानुका, प्राचार्या सोनाली सिंह एवं अतिथिगणों द्वारा भारत के महान नेता महात्मा गांधी, भीमराव अम्बेडकर, भगत सिंह, लाल बहादुर शास्त्री के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं छग का राज्य गीत अरपा पैरी के धार से कार्यक्रम का प्रारंभ कर स्वतंत्रता संग्राम के समस्त राष्ट्रीय वीर शहीदो व राष्ट्र निर्माणकर्ताओं को स्मरण एवं नमन किया गया। स्वागत गीत कक्षा चैंथी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्री-प्रायमरी के नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। प्री-प्रायमरी के बच्चों ने फेंन्सी ड्रेस में विभिन्न वेशभूषा महात्मा गांधी, रानी लक्ष्मी बाई, सुभाषचन्द्र बोस, भगत सिंह, पुलिस, भीमराव अम्बेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू, मंगल पाण्डेय धारण कर प्रतियोगिता मे भाग लेकर नन्हा मुन्हा राही गीत में नृत्य की प्रस्तुति दी। समूह गीत कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों द्वारा है प्रीत जहां की रीत सदा कक्षा छठवी से दसवी के विद्यार्थियों ने समूह स्केटिंग नृत्य व कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रियंका शर्मा व छात्रा ऐजल राठौर, वाणीप्रिया तिवारी, पावनी उपाध्याय व अदिति सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम मे अतिथिगण, शिक्षकगण, अभिभावकगण व अन्य स्टॉफ की उपस्थिति रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in